दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शुक्रवार 27 जून-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 188 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## देशभर में घर-घर जाकर होगा मतदाता सूची का सत्यापन, बिहार से होगी शुरुआत



**नई दिल्ली।** बिहार की तर्ज पर घर-घर जाकर मतदाता सूची के सत्यापन की मुहिम अब तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल सहित देश के पांच और राज्यों में भी शुरू होगी। चुनाव आयोग ने इस साल के अंत तक इन सभी राज्यों में इसके शुरू होने के संकेत दिए है। इन राज्यों में अगले साल यानी 2026 के मध्य में विधानसभा के चुनाव भी है। ऐसे में आयोग ने समय रहते ही इसकी तैयारी शुरू कर दी है। प्रत्येक मतदाताओं को सत्यापन के दौरान एक घोषणा पत्र के साथ अपने जन्म तिथि व जन्म स्थान से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। चुनाव आयोग ने यह पहल मतदाता सूची में गड़बड़ियों पर लगातार उठ रहे सवालों के साथ ही मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने की अपनी मुहिम के तहत शुरू की है।

**पांच राज्यों में सत्यापन का अभियान चलेगा :** इसके तहत आयोग ने सबसे पहले बिहार में इस अभियान को शुरू किया है। बिहार में इस साल नवंबर में विधानसभा के चुनाव प्रस्तावित है। इसके बाद जिन पांच राज्यों में सत्यापन का यह अभियान चलेगा, उनमें असम, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल और पुडुचेरी शामिल है। इस पूरे अभियान में आयोग का सबसे अधिक फोकस अप्रवासी और विदेशी घुसपैठियों को लेकर है। खासकर बंगाल से चोरी-छुपे आकर जो देश में रह रहे है और इनमें कुछ मतदाता सूची में भी अपने नाम भी दर्ज करा लिए है। ऐसे लोगों की पहचान करने के लिए अब सभी मतदाताओं की जन्म तिथि व जन्म स्थान से जुड़े दस्तावेज लिए जाएंगे।




# गाजियाबाद अब ग्रेटर गाजियाबाद बनेगा : सीएम योगी आदित्यनाथ

## मुख्यमंत्री ने कहा कभी अपराध और गैंगवार की फिल्में बनती थीं, अब सुव्यवस्था का मॉडल है गाजियाबाद



**खोड़ा, लोनी और मुरादनगर का क्षेत्र बनेगा नगर निगम का हिस्सा**

**गाजियाबाद के स्टेडियम को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण करे विकसित**



**बाबा दूधेश्वर नाथ का कॉरिडोर भी बनने वाला है**

**गाजियाबाद नगर निगम कर रहा है बेहतर कार्य**

गौरव शशि नारायण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में रहे। वह इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन में यात्रियों के तीसरे जत्थे को रवाना करने और उनको किट वितरण करने के बाद मीडिया ब्रीफ कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि जो गाजियाबाद कभी बीमारू, अपराधियों और गंगवार की फिल्में बनने का गढ़ था, अब वह सुविधा का मॉडल बन रहा है। उन्होंने गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए बनाए गए भवन, उत्तराखंड भवन और पूर्वांचल भवन का उपयोग नागरिकों के लिए जल्द से जल्द शुरू करने का भी निर्देश दिया। तो वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गाजियाबाद अब ग्रेटर गाजियाबाद बनेगा। उन्होंने कहा कि यहां के गांव और आसपास के इलाके को पहले से ज्यादा विकसित किया जाएगा। तो वहीं उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए कहा है कि जल्द ही गाजियाबाद नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खोड़ा, लोनी और मुरादनगर को शामिल किया जाएगा ताकि इसे एक विश्व स्तरीय रूप दिया जा सके। उन्होंने कहा कि निगम हर प्लेटफार्म पर मजबूत हो रहा है। तो इंटीग्रेटेड मुख्यालय बनाने का काम भी गाजियाबाद में जोरों पर शुरू है। उन्होंने कहा गाजियाबाद की कानून व्यवस्था की स्थिति अब बेहतर हो रही है। कभी गाजियाबाद के अपराध और गैंगवार पर फिल्में बना करती थी लेकिन अब यहां कानून व्यवस्था का राज हो रहा है।



पुलिस का आधुनिक मुख्यालय बन रहा है, तो वहीं गाजियाबाद के बाबा दूधेश्वरनाथ मंदिर के कॉरिडोर को बनाने के साथ ही कई अन्य बुनियादी सुविधाओं पर भी जोड़ दिया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री मुख्य योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि बीसीसीआई द्वारा यहां सालों से स्टेडियम बनाने का सर्वे और काम चल रहा था, पर अब इस स्टेडियम को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण डेवलप करेगा और एक इंटरनेशनल स्तर का मैदान तैयार किया जाएगा। तो वहीं सीएम ने कहा है कि गाजियाबाद की नदियों से लेकर यहां के ग्रीन एरिया को भी सुधारने पर जोर देना होगा।

## सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड का डाटा सेंटर महत्वपूर्ण



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत के मिनी रत्न प्रतिष्ठानों में सोमवार हो सीईएल यानी सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड जो कभी बिकने की कगार पर और घाटे के संस्थान के रूप में हो गया था लेकिन यहां डाटा सेंटर की शुरूआत की गई है। जो अपने आप में खास होगा। स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ ग्रीन फील्ड डाटा सेंटर का शिलान्यास करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण, उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल सहित अन्य प्रमुख भाजपा जनप्रतिनिधि उनके साथ मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में डबल इंजन की सरकार कर रही है सपने साकार

करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते 8 सालों में विशेष मार्गदर्शन के कारण उत्तर प्रदेश डबल इंजन की सरकार कई बड़े आयाम स्थापित किया जा चुके हैं। तो जहां पुलिस की भर्ती हुई है। तो वहीं सुरक्षा और स्वास्थ्य से लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए जा रहे सुझाव व महत्वपूर्ण योजनाओं को भी धरातल पर उतरने का काम किया जा रहा है।

## गाजियाबाद अब कूड़े का ढ़ेर नहीं, स्मार्ट सिटी के रूप में पहचाना जाता है



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को जहां सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के स्वर्ण जयंती कार्यक्रम में भाग लिया। तो उन्होंने गाजियाबाद में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की है। इसके बाद उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में जहां कभी कूड़े के ढेर नजर आते थे, तो अब स्वच्छता के मामले में गाजियाबाद सिटी देश में 50 में और गाजियाबाद पहला शहर स्मार्ट सिटी के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया है कि 10 वर्ष में जहां 12 लेने वाले ग्रीन एक्सप्रेसवे बनाए जा रहे हैं। तो गाजियाबाद ही इकलौता शहर है जहां देश की पहली रैपिड, 12 लेन ग्रीन हाईवे, मेट्रो और एयरफोर्स की सुविधा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि गाजियाबाद अब ग्रेटर गाजियाबाद की ओर कदम बढ़ा रहा है।

## जब विधायक नंदकिशोर गुर्जर, अजीत पाल त्यागी और संजीव शर्मा ने लगाया हर हर महादेव वाला नारा



करंट क्राइम : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैलाश मानसरोवर यात्रियों को किट वितरित करने के बाद शुभकामना दे रहे थे। जैसे ही मुख्यमंत्री ने अपना धन्यवाद दिया तो गाजियाबाद के लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर उनके बराबर में खड़े विधायक अजीत पाल त्यागी और शहर विधायक संजीव शर्मा एक साथ ओम नमो पर्वतेय नम के साथ हर- हर महादेव के नारे लगाए और फिर कुछ देर बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को मीडिया ब्रीफिंग भी शुरू की।

## हिंडन नदी को प्राकृतिक रूप से किया जाएगा पुन:जीवित



करंट क्राइम : उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गाजियाबाद के आगमन के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा है कि गाजियाबाद की नदी हिंडन को प्राकृतिक पद्धति से पुन:जीवित किया जाएगा। हिंडन नदी के आसपास के बड़े क्षेत्र में ग्रीनरी लेबर को बढ़ाने के लिए सुंदर सिटी के रूप में विकसित किए जाने के लिए जहां नगर निगम की बड़ी योजना शुरू की जा रही है। तो वहीं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत यहां सैकड़ो की संख्या में पौधे भी लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद आज सिटी फॉरेस्ट और नगर निगम द्वारा विकसित किया जा रहे हैं सांई उपवन के पीछे मिया बाकी पद्दति से बड़ा ग्रीन लैंड को डेवलप किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री के एक तरफ कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और दूसरी तरफ मौजूद रहे सांसद अतुल गर्ग



करंट क्राइम : गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कैलाश मानसरोवर भवन में तीसरे जत्थे के यात्रियों से मुलाकात कर रहे थे। तो उनको किट वितरित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री के पहुंचते ही गाजियाबाद के तमाम जनप्रतिनिधि मंच पर आ गए। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अतुल गर्ग को अपने बराबर में खड़ा किया तो उनके दूसरी तरफ सबसे निकट कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार विधायक सुनील शर्मा नजर आते रहे। तो वही मंचासीन अतिथियों के क्रम में प्रथम पंक्ति में महापौर सुनीता दयाल उनके बराबर में एमएलसी दिनेश गोयल, भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, विधायक एवं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सबसे मध्य में, उनके ठीक बराबर में गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, अतुल गर्ग के ठीक बराबर में उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप उनके साथ ही बागपत के सांसद राजकुमार सांगवान उनके निकट उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री असीम अरुण, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी और लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर मौजूद रहे। तो मुख्यमंत्री के पीछे जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी और मोदी नगर विधायक मंजू शिवाच नजर आ रही थीं।

# कांवड़ियों को न हो कोई समस्या, सुरक्षा और सुविधा का रखा जाए ध्यान : योगी आदित्यनाथ

## ईको-फ्रेंडली कांवड़ यात्रा को लेकर मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश



- कांवड़ यात्रा की तैयारियों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा, यात्रा मार्गों पर विशेष व्यवस्था के निर्देश
- कांवड़ शिविरों में सुविधाएं, स्वच्छता, पेयजल और चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने के मुख्यमंत्री ने दिये निर्देश
- प्लास्टिक मुक्त शिविरों और डस्टबीन की व्यवस्था के निर्देश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक दिवसीय दौरे पर गुरुवार को गाजियाबाद में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इंदिरापुरम स्थित कैलास मानसरोवर भवन में आगामी कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर विशेष दिशा-निर्देश दिए।

### कांवड़ यात्रा की तैयारियों पर सीएम ने दिये विशेष निर्देश

करंट क्राइम : बैठक में कांवड़ यात्रा की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने मुरादनगर से टीला मोड़, कादराबाद बार्डर से गाजियाबाद-दिल्ली बार्डर, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे और एनएच-24 व एनएच-9 पर विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने वॉच टावर, कांवड़ शिविर, सड़क मरम्मत, मार्ग प्रकाश, सीसीटीवी, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, और चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। इसके अलावा, डिवाइडर कट पर बैरिकेडिंग, खाद्य पदार्थों की दुकानों पर रेट लिस्ट प्रदर्शन, मांस-मदिरा की दुकानों को बंद करने और विद्युत पोलों पर 5 फुट ऊंचाई तक इंसुलेटेड प्लास्टिक शीट लगाने के निर्देश दिए गए।

## कांवड़ यात्रा को बनाया जाएगा ईको फ्रेंडली

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री ने कांवड़ यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए अतिरिक्त व्यवस्थाओं पर जोर दिया। उन्होंने महत्वपूर्ण स्थानों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम, मानव रहित रेलवे फाटकों पर प्रबंधन, सामुदायिक शौचालयों और पेट्रोल पंपों पर सफाई, खाद्य सामग्री की नियमित जांच और महिला-पुरुष शौचालयों की पृथक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। कांवड़ शिविरों में डस्टबीन, स्वच्छता मित्रों की तैनाती, अग्निशमन यंत्र, बालू, और पानी की व्यवस्था के साथ-साथ प्लास्टिक मुक्त और ईको-फ्रेंडली कप, गिलास और प्लेट के उपयोग को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। सीएम ने यात्रा को शांतिपूर्ण और भव्य बनाने के लिए प्रशासन को हर स्तर पर तैयार रहने को कहा है।

# हिमाचल में आसमानी कहर, कुल्लू में बादल फटने से तबाही

## पांच जगह बादल फटने से आठ लोग लापता, मनूणी में एक शव मिला








**नई दिल्ली।** मौसम विभाग के ऑरेंज अलर्ट के बीच बुधवार को हिमाचल में आसमान से कहर बरपा। हालांकि, आज मौसम खुलने से कुछ राहत मिली है। लापता लोगों की तलाश के लिए बचाव अभियान तेज कर दिया गया है। सैंज में जीवानाला में बादल फटने से हुई तबाही के बाद गुरुवारी को पिन पार्वती नदी का जलस्तर कम हो गया है। ऐसे में यहां बिहाली गांव में लापता तीन लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू दल घटनास्थल पर पहुंचा। एनडीआरएफ की एक टीम भी पहुंची है। बुधवार को धर्मशाला और कुल्लू में पांच जगह बादल फटने से भारी तबाही के बीच पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब आठ लोग लापता हैं। इसमें ये कुल्लू में तीन व धर्मशाला में पांच लोग लापता हैं।

**एक श्रमिक को सुरक्षित निकाला गया**

खनियारा स्थित मनूणी खड्ड में बहे श्रमिकों को खोजने के लिए दूसरे दिन भी एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की ओर से बचाव अभियान जारी है। बचाव दल की टीमों ने एक कामगार को सुरक्षित बाहर निकाला है। जबकि एक अन्य कामगार का शव खड्ड से बरामद हुआ है। कुल मिलाकर अभी तक पिछले दो दिनों में तीन कामगारों के शव बरामद किए जा चुके हैं। एनडीआरएफ के कमांडेंट बलजिंदर सिंह खुद मौके पर हैं। बारिश के कारण कुछ देर के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन प्रभावित हुआ है। माना जा रहा है कि अभी तक 5 श्रमिक लापता हैं। मृतकों में चैन सिंह (20) पुत्र मुल्ख राज गांव कुमडी, जिला डोडा, आदित्य ठाकुर पुत्र शिव कुमार निवासी राख चंबा, सोहनपुर देवरिया यूपी के प्रदीप वर्मा (35) पुत्र राम कांत वर्मा शामिल हैं। लवेली पुत्र सूरमा राम निवासी पूना जिला को सुरक्षित बचाया गया है।

बकरथाच से प्रशासन से 50 पर्यटक ट्रैकरों को सुरक्षित बचाया है। यह सभी भारी बारिश के बाद बकरथाच में फंस गए थे। यहां एक नाले में बाढ़ आने के चलते 50 ट्रैकरों को रात बकरथाच में बितानी पड़ी। सुबह के समय प्रशासन ने इन्हें रेस्क्यू किया। उपायुक्त तोरुल एस रविश ने कहा कि 27, 28 को ऑरेंज अलर्ट है, पर्यटकों से अपील की है कि मौसम को देखते हुए सफर करें और नदी-नालों के समीप न जाएं।

### सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू देर रात तक लेते रहे अपडेट

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू बादल फटने और भारी बारिश से से हुए नुकसान का स्थानीय प्रशासन से देर रात तक अपडेट लेते रहे। उन्होंने प्रशासन को प्रभावितों की तत्काल मदद करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावितों की हरसंभव मदद की जा रही है। मुख्यमंत्री देर राह तक संबंधित अधिकारियों के साथ संपर्क में रहे। वहीं सीएम ने पर्यटकों से आहान किया कि बिना डरे हिमाचल आएं और मानसून सीजन का आनंद उठाएं, लेकिन नदी-नालों के पास न जाने की सीएम ने सलाह दी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बादल फटने से हुए जानमाल के नुकसान पर दुख जताया है।

कुल्लू जिले में चार जगह सैंज के जीवानाला, गड़सा के शिलागढ़, मनाली के स्नो गैलरी और बंजार के होरनगाड़ में बादल फटने से आई बाढ़ ने भारी तबाही मचा दी। इससे आठ गाड़ियां, 10 छोटे पुल और एक बिजली प्रोजेक्ट वह गया। सैंज के रैला बिहाल में बादल फटने से तीन लोग बह गए हैं।

सैंज घाटी के शैशर, शांघड़ और सुचैहन पंचायत क्षेत्रों में 150 से अधिक पर्यटक वाहनों के साथ सैकड़ों पर्यटक फंस गए। होरनगाड़ में बादल फटने से आई बाढ़ से बंजार-बठाहर सड़क पर बना पुल और एक वाहन बह गया। सरकारी प्राथमिक विद्यालय में मलबा घुसने पर स्थानीय लोगों ने विद्यार्थियों को रेस्क्यू किया। कुल्लू की गड़सा घाटी में हुरला नाला, पंचा नाला और मनिहार नाला में पैदल पुल के साथ 10 छोटे पुल बह गए हैं।

**बकरथाच में फंसे 50 पर्यटकों-ट्रैकरों को सुरक्षित बचाया**

बुधवार को गगल हवाई अड्डा पर चार विमान उत्तरे, लेकिन दिल्ली और शिमला के लिए दो उड़ानें रद्द हो गईं। खराब मौसम के कारण शिमला और कुल्लू से कोई उड़ान नहीं हुई। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि कल बारिश बहुत तेज थी। नौ जगह फ्लैश फ्लड आ गया। कुल्लू में नदी किनारे से 2 लोग लापता हैं। कांगड़ा में बादल फटने से तीन मौत हो गई, पांच लोग लापता हैं।

सड़कों को बहुत नुकसान हुआ है। 15 घर तबाह हो गए हैं। अब तक कुल पांच लोगों की मौत हुई है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने हिमाचल के कई स्थानों पर गुरुवार को भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया। 27, 28,1 व 2 जुलाई के लिए भी येलो अलर्ट जारी हुआ है।

# बदरीनाथ हाईवे के पास बड़ा हादसा

## अलकनंदा में गिरा टेंपो-ट्रेवलर, तीन की मौत, कई लापता

**रुद्रप्रयाग।** रुद्रप्रयाग जनपद में आज गुरवार सुबह ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर घोलतीर के समीप एक बड़ा सड़क हादसा हो गया।

बदरीनाथ दर्शन के लिए जा रहे यात्रियों का एक टेंपो-ट्रेवलर अनियंत्रित होकर सीधे अलकनंदा नदी में जा गिरा। वाहन में चालक सहित 19 लोग सवार थे। जिनमें 17 लोग एक ही परिवार के थे।

हादसे में लापता एक महिला का शव धारी देवी के समीप रेस्क्यू किया गया है। महिला की शिनाख्त गौरी सोनी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।

राजस्थान के उदयपुर से एक परिवार के 17 लोग इस वाहन चारधाम यात्रा पर निकले थे। जो केदारनाथ दर्शन के बाद आज सुबह बदरीनाथ दर्शन के लिए निकले थे। पुलिस, एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। तीन गंभीर घायलों को एयर लिफ्ट किया गया है।



जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि अब तक नौ लोगों को रेस्क्यू किया गया है, जिनमें तीन की मौत हो चुकी है। मृतकों में दो महिला शामिल है। आठ घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया है। घायलों में कई छोटे बच्चे भी हैं। जबकि कुछ लापता हैं।

**तीन लोग वाहन से बाहर छिटककर गिर गए :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के वक्त तीन लोग वाहन से बाहर छिटककर गिर गए, जिन्हें गंभीर अवस्था में अस्पताल में भर्ती किया गया है। वहीं वाहन के अन्य यात्री नदी की तेज धार में बह गए। घटनास्थल से एक शव बहकर शिवपुरी तक पहुंचा, जिसे रेस्क्यू कर निकाला गया।

एसडीआरएफ, पुलिस और स्थानीय प्रशासन की टीमों ने अलकनंदा नदी में सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है, लेकिन तेज बहाव और दुर्गम स्थल के कारण राहत कार्य में खासी मुश्किलें आ रही हैं। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और दहशत का माहौल है।

हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। दुर्घटना के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। हादसे का कारण अभी पता नहीं चल पाया है।

**सीएम धामी ने जताया गहरा दुख :** मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जनपद रुद्रप्रयाग में एक टेंपो ट्रैवलर के नदी में गिरने का समाचार अत्यंत दुःखद है। एसडीआरएफ सहित अन्य बचाव दलों द्वारा युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में निरंतर स्थानीय प्रशासन से संपर्क में हूं। ईश्वर से सभी के सकुशल होने की प्रार्थना करता हूं।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर बड़ा हादसा

## डबल डेकर बस बेकाबू हो रेलिंग तोड़ नीचे गिरी, दो की मौत




**इटावा।** इटावा जिले में बिहार के मधुबनी से दिल्ली जा रही डबल डेकर बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित होकर नीचे खाई में जा गिरी। हादसे में 52 लोग घायल हो गए।

सभी को आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ले जाया गया। इनमें से दो लोगों को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य लोगों को उपचार दिया जा रहा है।

बुधवार को बिहार के मधुबनी से दिल्ली के लिए लगभग 70 सवारी लेकर डबल डेकर बस निकली थी।

गुरुवार सुबह लगभग चार बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 103 पर बस अनियंत्रित होकर खाई में गिर पड़ी। हादसा होते ही चीख पुकार मच गई। सूचना पर यूपीडा की टीम और थाना पुलिस पहुंच गई।

**दो की मौत और 50 का इलाज जारी :** टीम ने रेस्क्यू करके सभी को बाहर निकला। हादसे में घायल 52 लोगों को आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय ले जाया गया। यहां सहीना (20) निवासी बरदाहा गांव, थाना जलेसर, जिला मोहतारी, नेपाल, मनोज कुमार (59) निवासी रामपुर डीह, दरभंगा बिहार को मृत घोषित कर दिया। अन्य लोगों को उपचार दिया जा रहा है।

### कैसे हुआ हादसा?

माना जा रहा है कि बस चालक को नींद आने की वजह से इतनी बड़ी घटना हुई है. बताया जा रहा है कि बस अचानक रेलिंग तोड़ते हुए नीचे जा गिरी. उसकी किसी से टक्कर नहीं हुई। ऐसे में अनुमान ये ही लगाया जा रहा है कि चालक को नींद आ गई और उसने बस पर से अपना कंट्रोल खो

# मुख्यमंत्री की घोषणा से इंदिरापुरम के लोगों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी, जताया आभार



**- कैलाश मानसरोवर भवन का कमर्शियल इस्तेमाल होने से भवन की देखभाल भी होगी और नगर निगम के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।**

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** जिले के विकास एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रेस को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने इंदिरापुरम में बने कैलाश मानसरोवर भवन के अन्य मौकों पर नागरिकों की सुविधा के लिए इस्तेमाल हो, इसके लिए उन्होंने जीडीए और नगर निगम को निर्देश दिए मुख्यमंत्री ने कहा कि साल में एक बार ही शिव भक्त कैलाश मानसरोवर के लिए यहां से प्रस्थान करते हैं बाकी समय इस भवन का आम लोगों की सुविधा के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। मुख्यमंत्री की इस घोषणा की इंदिरापुरम के लोगों ने जमकर सराहना की है। इंदिरापुरम आरडब्लूए फेडरेशन के कोऑर्डिनेटर कुलदीप सक्सेना ने कहा कि इंदिरापुरम के लोग काफी समय से ऐसी ही मांग कर रहे थे। इतने बड़े भवन का इस्तेमाल नहीं होने से भवन को नुकसान पहुंच रहा था। जगह जगह-जगह खराबी दिखने लगी थी। इसको लेकर पिछले दिनों मुख्य सचिव की आरडब्ल्यूए फेडरेशन के साथ हुई बैठक में भी जिक्र किया गया था उनसे मांग की गई थी कि जब मानसरोवर यात्री यहां नहीं ठहरते हैं उसे समय इस भवन का उपयोग शादी या अन्य समारोह के लिए किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने इस मांग को स्वीकार कर इंदिरापुरम के लोगों की वर्षों पुरानी मांग पूरी कर दी है। आरडब्ल्यूए फेडरेशन के महासचिव मोहन सांगवान ने कहा कि कैलाश मानसरोवर भवन का कमर्शियल इस्तेमाल होने से भवन की देखभाल भी होगी और नगर निगम के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी।

# मृतक सफाई कर्मी के परिजनों को सौंपा सहायता राशि का चैक

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम गाजियाबाद में 22 जून, 2025 को ट्रांस हिंडन क्षेत्र में स्वर्गीय आसाराम पुत्र कचेछु का वीआईपी मोमेंट के समय एक्सीडेंट हो गया था। निगम अधिकारियों ने उनको कौशांबी स्थित अस्पताल में दाखिल कराया और 24 जून को उनका निधन हो गया। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ के महानगर अध्यक्ष प्रवीण गहलोत, सफाई न्यायक यूनियन के महामंत्री संजय टॉक, नीरज सैनी वाल्मीकि, जॉनी वाल्मीकि आदि नेता गणों ने गुरूवार मृतक कर्मचारियों के परिवार को 5 लाख का चेक और अस्थाई नौकरी देने के लिए नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक से आदेश कराये। इस दौरान अपर नगर आयुक्त अभिनेंद्र सिंह, नगर स्वास्थ्य अधिकारी मिथिलेश कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप चौहान वाल्मीकि द्वारा कर्मचारियों को चेक दिया गया।



# रालोद ने मुरादनगर में चलाया सदस्यता अभियान, कई लोगों ने पार्टी ज्वाइन की

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मुरादनगर में राष्ट्रीय लोकदल की एक बैठक में राजनीतिक हालात पर चर्चा की गई। साथ ही सदस्यता अभियान भी चलाया गया। नवनियुक्त जिला सचिव रईस कुरैशी की ओर से आयोजित बैठक में कई लोगों को राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता दिलाई गई। बैठक की अध्यक्षता एहसान गुल ने की। बैठक का संचालन हाजी तौहीद ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी व प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ अध्यक्ष अमरजीत सिंह बिट्टी ने कहा कि रालोद दबे कुछ ले गरीब मजदूरों की पार्टी है। यहां जात-पात का भेदभाव नहीं किया जाता है। रालोद हमेशा किसानों से जुड़े विषयों को लेकर संघर्ष का रास्ता अपनाता है। ऐसे में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को पार्टी के साथ जोड़ने का प्रयास करना होगा। इस मौके पर क्षेत्रीय महा सचिव अरुण चौधरी भुलन, ओमेंद्र सिंह, सलीम नेताजी, सिराजुद्दीन, इमरान, रईस कुरैशी, हाजी इकबाल, नसीरुद्दीन कुरैशी, नवाब कुरैशी, नफीस अहमद कुरेशी, सलीम कुरैशी, इमरान कुरेशी, शाहबाज कुरेशी, अजहर, इमरान, यूनुस, आशीष आदि मौजूद थे।



# हाउस टैक्स बढ़ाने के विरोध में कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान जारी, नवयुग मार्केट में हजारों लोगों ने किया हस्ताक्षर

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा बढाए गए हाउस टैक्स के विरोध में वरिष्ठ कांग्रेस नेता नसीम खान की ओर से चलाए जा रहे हस्ताक्षर अभियान गुरुवार को भी चला। गुरुवार को नवयुग मार्केट स्थित शिव मंदिर चौराहे पर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया नसीम खान ने बताया कि नगर निगम के इस फैसले को लेकर लोगों में भारी रोज दिखाई दे रहा है। बड़ी संख्या में लोगों ने अभियान के तहत हस्ताक्षर किए हैं।

अब तक हजारों की संख्या में लोगों ने हाउस टैक्स बढ़ाने के विरोध में हस्ताक्षर किए हैं नसीम खान ने बताया कि जब से नगर निगम बना है तभी से यहां भाजपा का शासन है। वर्तमान में नगर निगम में भाजपा का पूर्ण बहुमत है ऐसे में यह कहना कि अधिकारियों ने हाउस टैक्स में बढ़ोतरी की है कॉम समझ से परे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर अपना अभियान जारी रखेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष युवा कांग्रेस कपिल यादव एनएसयूआई जिला अध्यक्ष सलमान मंसूरी महिला कांग्रेस नेता पूजा चढ़ा महिला कांग्रेस अध्यक्ष खुशनुमा परवीन मुरादनगर विधानसभा अध्यक्ष शर्मा गाजियाबाद विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार गौतम जिला युवा कांग्रेस को श्रद्धांजलि आसिफ सिद्दीकी छात्र नेता सलमान अब्बासी समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# उधमपुर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, जवानों ने घेरा इलाका

**जम्मू।** उधमपुर जिले के बसंतगढ़ इलाके में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ चल रही है। सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर रखा है। दोनों तरफ से फायरिंग हो रही है। आईजी जम्मू भीमसेन टूटी ने बताया कि बसंतगढ़ मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने जैश-ए-मोहम्मद के चार आतंकियों को घेर रखा है।

जानकारी के मुताबिक, बसंतगढ़ के बिहाली इलाके में आंतकियों के देखे जाने की सूचना पर सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया और तलाशी अभियान शुरू किया।

आतंकियों ने खुद को घिरा देख सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी। सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। दोनों ओर से रुक-रुककर गोलीबारी हो रही है।



**राजोरी के केरी सेक्टर में तलाशी अभियान :** राजोरी के नियंत्रण रेखा के केरी सेक्टर के बारात गाला क्षेत्र में मंगलवार को आतंकवादियों के घुसपैठ करने के प्रयास के बाद बुधवार को भी सेना ने लगातार क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया। लगातार दूसरे भारतीय सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी करके खोजी कुत्तों और ड्रोन की मदद से जगह-जगह खंगाला, लेकिन कोई आतंकी उनके हत्थे नहीं चढ़ा है।

मंगलवार सुबह पाकिस्तान सेना की मदद से 3 से 4 आतंकवादियों का एक ग्रुप घुसपैठ करके भारतीय क्षेत्र में घुसने का प्रयास कर रहा था।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...





● नई दिल्ली। शुक्रवार 27 जून-2025
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित



# सीएम योगी आदित्यनाथ ने सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डेटा सेंटर का किया शिलान्यास

## डाटा सेंटर और ग्रीन एनर्जी में अग्रणी भूमिका निभा रहा सीईएल : योगी आदित्यनाथ

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा भारत सरकार में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को गाजियाबाद के साहिबाबाद में सीईएल-ईएसडीएस ग्रीन डेटा सेंटर का शिलान्यास किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीईएल द्वारा विकसित हो रहे नए ग्रीनफील्ड डाटा सेंटर पर प्रसन्नता जताई और कहा कि यह प्रधानमंत्री के 2070 तक नेट जीरो के संकल्प की ओर एक मजबूत कदम है।

उन्होंने यह भी कहा कि 2027 तक उत्तर प्रदेश 20,000 मेगावाट रिन्यूएबल एनर्जी उत्पन्न करेगा, जिसमें सीईएल की भूमिका प्रमुख होगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सीईएल की यात्रा को भारत के औद्योगिक पुनरुत्थान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक बताया। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री मोदी के 2047 के विकसित भारत विजन का प्रमुख स्तंभ बताया और कहा कि सीईएल जैसे संस्थानों के माध्यम से ही नया भारत अपनी शक्ति, तकनीक और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है।







### सीएम योगी ने किया एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद में सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के स्वर्ण जयंती समारोह एवं डाटा सेंटर के शिलान्यास के अवसर पर मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा अर्चना में हिस्सा लिया और प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया जहां पर उन्हें डाटा सेंटर और इसकी कार्यप्रणाली के विषय में जानकारी दी गई। उन्होंने प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में सीईएल की ओर से भारत सरकार को लगभग 21 करोड रुपए के लाभांश का चेक भी भेंट किया गया, जबकि सीईएल और मल्टी इंफ्रा के बीच 200 मेगावाट सोलर मॉड्यूलर के लिए एमओयू भी हस्तांतरित हुआ।



# मुख्यमंत्री ने किया भगवागढ़ के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठ कर संवाद

## कुछ ने कहा सब कुछ है ठीक और कुछ ने रखी मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी बात

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरूवार को गाजियाबाद आये। उन्होंने यहां जिले की कानून व्यवस्था से लेकर विकास के सिस्टम की जानकारी ली।



पहले उन्हें अधिकारियों ने विकास कार्यों की जानकारी दी। जिलाधिकारी ने उन्हें बताया कि किस तरह से यहां विकास कार्य चल रहा है। इसके बाद नगर निगम से नगर आयुक्त ने रिपोर्ट दी और फिर जीडीए वीसी ने अपनी रिपोर्ट दी।

इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों और पूर्व जनप्रतिनिधियों से रूबरू हुए। इस बैठक में कुछ जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र की बात रखी और कुछ ने मुख्यमंत्री से कहा कि सब कुछ ठीक है। बताते हैं कि मुख्यमंत्री ने संगठन की भी जानकारी ली और जनप्रतिनिधियों से ये भी कहा कि हाल ही में गाजियाबाद के जो युवक युवतियां पुलिस भर्ती में सफल हुए हैं उनके परिजनों से मुलाकात की जाये। मुख्यमंत्री ने फिर जनप्रतिनिधियों से भी अलग-अलग बात की।

### कैबिनेट मंत्री से लेकर पूर्व विधायक, पूर्व मेयर भी हुए सीएम की बैठक में शामिल

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद आये और जब वो भाजपा के जनप्रतिनिधियों और पूर्व जनप्रतिनिधियों से रूबरू हुए तो यहां कैबिनेट मंत्री से लेकर पूर्व जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस बैठक में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप, मेयर सुनीता दयाल, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा, लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर, मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच मौजूद रहे। इसके अलावा लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, बागपत के लोकसभा सांसद डॉ राजकुमार सांगवान, गाजियाबाद की जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, धौलाना विधायक धर्मेश तोमर, एमएलसी दिनेश गोयल, एमएलसी धर्मेन्द्र भारद्वाज मुख्य रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा इस बैठक में महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल, जिला अध्यक्ष चैनपाल गुर्जर, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी,पूर्व मेयर अशु वर्मा, पूर्व मेयर आशा शर्मा, पूर्व महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, पूर्व विधायक रूप चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा, जीडीए बोर्ड सदस्य पवन गोयल, पूर्व महानगर अध्यक्ष अजय शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।





### सरदार एसपी सिंह ने बताया पुलिस भर्ती का आंकड़ा और प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने किया करेक्ट

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की और उन्होंने ये पूछा कि पुलिस की भर्ती हुई है और इस भर्ती में गाजियाबाद से कितने अभ्यर्थी सफल हुए हैं। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री के इस सवाल पर अधिकांश जनप्रतिनिधि एक दूसरे को देखने लगे। दरअसल ये ऐसा था कि जैसे किसी परीक्षा में कोई सवाल आउट आफ स्लेबस आ गया हो। इसी बीच वरिष्ठ भाजपा नेता और अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य सरदार एसपी सिंह ने एक संभावित आंकड़ा बताते हुए कहा कि लगभग 700 अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इसी बीच पूर्व एडीजी तथा गाजियाबाद जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरूण ने ऑफिशियल आंकड़ा ले लिया था और उन्होंने बताया कि सफल अभ्यर्थियों की संख्या 870 है। इसके बाद सरदार एसपी सिंह ने कहा कि मैंने भी काफी हद तक संभावित आंकड़ा बताया है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने हल्के फुल्के माहौल में चुटकी ली और कहा कि आपने भी काफी हद तक ठीक बताया।

### मुख्यमंत्री का फरमान पुलिस भर्ती वाले परिवारों का हो सम्मान

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनप्रतिनिधियों और पूर्व जनप्रतिनिधियों से बात कर रहे थे और उन्होंने पुलिस विभाग में भर्ती हुए अभ्यर्थियों को लेकर रूचि जताई और जनप्रतिनिधियों से कहा कि गाजियाबाद से जो लोग पुलिस विभाग की भर्ती में सफल घोषित हुए हैं। जनप्रतिनिधियों को उनके परिवारों को बुलाना चाहिए और उन्हें सम्मानित किया जाये।

### शहर विधायक बोले हर विधानसभा के लिए आयें कल्याणकारी योजनाएं

करंट क्राइम। विकास की बात हो रही थी और यहां पर शहर विधायक संजीव शर्मा ने विधानसभा के हिसाब से कल्याणकारी योजनाओं को लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाएं केवल कुछ विधानसभाओं के लिए स्पेशल नहीं आयें। उन्होंने कहा कि विकास के दायरे में सभी शामिल हों और सभी। विधानसभाओं के लिए कल्याणकारी योजनाएं आयें जिससे पूरे प्रदेश का और प्रत्येक विधानसभा का सर्वांगीण विकास हो और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी को मिले

### मुरादनगर विधायक ने रखा कूड़ा निस्तारण का मामला

करंट क्राइम। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी ने मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख मुद्दे कूड़ा निस्तारण का विषय रखा। उन्होंने कहा कि कूड़ा निस्तारण विषय पर मैं अग्रिम धन्यवाद देना चाहता हूं और मुझे उम्मीद है कि इस समस्या का समाधान हो जायेगा।

### सांसद अतुल गर्ग ने रखी हिंडन रिवर फ्रंट की बात

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने मुख्यमंत्री के समक्ष हिंडन रिवर फ्रंट की बात रखी। बताते हैं कि यहां पर रिवर फ्रंट के लिए केन्द्र और राज्य के बीच धनराशि को लेकर चर्चा हुई और मुख्यमंत्री ने सांसद अतुल गर्ग को आश्वासन दिया कि राज्य सरकार की ओर से इस मामले में कोई ढील नहीं होगी और जो भी धनराशि राज्य सरकार को देनी है वह दी जायेगी।

### नन्दकिशोर गुर्जर ने रखी दिल्ली सहारनपुर हाई-वे की बात

करंट क्राइम। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष अपनी विधानसभा का मुद्दा रखा। उन्होंने दिल्ली सहारनपुर हाई-वे के विषय को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।

### मोदी नगर विधायक मंजू शिवाच ने उठाया मोदीपोन का मुद्दा

करंट क्राइम। मोदी नगर विधायक डॉ मंजू शिवाच ने मुख्यमंत्री के समक्ष मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र के मोदीपोन का मुद्दा उठाया। उन्होंने इस मामले में मुख्यमंत्री के समक्ष मोदीपोल कॉलोनी के विषय को रखा।

### मेयर और एमएलसी बोले सब कुछ है ठीक

करंट क्राइम। जब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनप्रतिनिधियों से बात कर रहे थे तो सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने निर्वाचन क्षेत्र की बातें रखी। कुछ जन सुविधाओं के लिए कहा। लेकिन यहां कुछ ऐसे जनप्रतिनिधि भी थे जिन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष कोई मुद्दा नहीं रखा और कहा कि सब कुछ ठीक है। सूत्र बताते हैं कि मेयर सुनील दयाल ने मुख्यमंत्री से कहा कि सब कुछ ठीक चल रहा है। वहीं एमएलसी दिनेश गोयल ने भी कोई विषय नहीं रखा।

### एमएलसी धमेन्द्र भारद्वाज ने रखा वायु सुधार का मुद्दा

करंट क्राइम। एमएलसी धमेन्द्र भारद्वाज ने मुख्यमंत्री के समक्ष एक्यूआई का मुद्दा उठाया। उन्होंने वायु की गुणवत्ता में सुधार लाने के लिए जरूरी कदम उठाने की बात कही। उन्होंने एयर क्वालिटी इंडेक्स को लेकर मुख्यमंत्री के समक्ष मुद्दा रखा।

### जब मुख्यमंत्री ने ली संगठन अध्यक्षों से मंडल के गठन की जानकारी

करंट क्राइम। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब गाजियाबाद आये तो उनके पास गाजियाबाद के विकास से लेकर संगठन की जानकारी थी। उन्होंने पुलिस भर्ती को लेकर जनप्रतिनिधियों से आंकडा पूछा। उन्होंने 5 लाख के लोन की योजना के लाभार्थियों के बारे में पूछा और उन्होंने संगठन के अपडेट को भी पूछा। उन्होंने संगठन अध्यक्षों से मंडल अध्यक्षों और टीम के गठन की जानकारी ली। बताते हैं कि यहां पर जिला अध्यक्ष ने बताया कि 11 मंडलों का गठन हो चुका है और केवल डासना मंडल का गठन होना बाकी है। वहां महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि 20 मंडलों का गठन हो चुका है और अभी मंडलों की कमेटी गठित होना बाकी है।

# पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के पहले ही सीएम कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था रही राइट और टाइट

## सड़क से लेकर कार्यक्रम स्थल पर हर कट पर पुलिस दिखी एक्टिव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद हिंडन एयरपोर्ट आते रहते हैं। तो उनकी सुरक्षा को लेकर हमेशा सुरक्षा का कड़ा घेरा मुस्तैद रहता है। गाजियाबाद में 16 अप्रैल को नए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कमान संभाली थी और नए कमिश्नर के आने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का यह पहला बड़ा कार्यक्रम गाजियाबाद में हुआ। जिसमें मुख्यमंत्री योगी लगभग चार घंटे से अधिक गाजियाबाद के अलग-अलग कार्यक्रमों में शामिल हुए। सबसे पहले गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिंक रोड थानाक्षेत्र स्थित सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड कंपनी के कार्यक्रम में भाग लिया। तो फिर वहां से इंदिरापुरम थानाक्षेत्र के कैलाश मानसरोवर भवन पहुंचे। वहां जनप्रतिनिधियों और संगठन के साथ बैठक की व समीक्षा अधिकारियों से कानून-व्यवस्था से लेकर विकास और अन्य विषयों पर बातचीत भी की। तो कांवड़ यात्रा को लेकर विशेष दिशा-निर्देश भी मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए हैं। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति राइट और टाइट देखने को मिली है। खुद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड कैलाश मानसरोवर और सीईएल कंपनी के कार्यक्रम में सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे।

### बाहर से नहीं ली गई फोर्स, बड़ी संख्या में लगायी गई थी लोकल अधिकारियों की ड्यूटी

करंट क्राइम : मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर बड़ी संख्या में सुरक्षा स्टाफ और अधिकारियों की ड्यूटी होती है लेकिन पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने बाहर से फोर्स नहीं लिया और अपने लोकल अधिकारियों के कंधे पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालने का काम किया है। खुद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड, एडिशनल सीपी आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल, एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, एडीसीपी ट्रैफिक सच्चिदानंद, एडीसीपी प्रोटोकॉल आनंद कुमार, एसीपी ट्रैफिक जियाउद्दीन, एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव, एसीपी घंटाघर कोतवाली रितेश त्रिपाठी, एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव, एसीपी सूर्यबली, एसीपी अंबुज यादव सहित बड़ी संख्या में पुलिस निरीक्षक, उपनिरीक्षक और लोकल इंटेलीजेंस का स्टाफ जगह-जगह तैनात किया गया था।

### बंद नहीं किया गया सड़क मार्ग, जनता को हुई सहूलियत

करंट क्राइम : गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गाजियाबाद में मौजूद थे, तो उनके कार्यक्रमों और आयोजन स्थल के किसी भी मुख्य मार्ग पर रूट डायवर्जन एवं कट बंद नहीं किया गया। जिसकी वजह से लोगों को गर्मी और सड़क पर इधर-उधर नहीं जाना पड़ा और आम जनता को भी परेशान नहीं होना पड़ा। इसके साथ ही जनता का आवागमन भी सामान्य रहा। बता दें कि इससे पहले जब मुख्यमंत्री नेहरू नगर वाले कार्यक्रम में आए थे, तो सड़कों पर जाम की स्थिति बनी थी। तो स्कूलों की छुट्टी होने के बाद भी बच्चों को स्कूलों में कैद रखा गया था।

## संपादकीय

# अंतरिक्ष में भारत की वापसी

अंतरिक्ष अब कुतूहल का विषय नहीं, बल्कि कारोबारी संभावनाओं के अनंत आकाश में तब्दील हो चुका है। इसीलिए दुनिया के तमाम उन्नत देश अंतरिक्ष में अपनी पहचान अंकित करने की होड़ में नजर आते हैं। भारत भी पिछले कुछ वर्षों से अपने तकनीकी विकास, अनुसंधान क्षमता और प्रणाली के बल पर अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस जैसे अंतरिक्ष अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी देशों की कतार में शामिल हो गया है। उपग्रह प्रक्षेपण के कारोबार में तो वह दुनिया के कई देशों को चुनौती देने लगा है। अब भारत अपनी महत्त्वाकांक्षी गगनयान योजना पर काम कर रहा है। उस दिशा में एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। अमेरिकी अंतरिक्ष अनुसंधान एजंसी नासा ने एक्सिओम मिशन-4 के तहत जिन चार अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर भेजा है, उनमें भारतीय वायुसेना के कप्तान शुभांशु शुक्ल भी शामिल हैं। शुभांशु को खासतौर पर गगनयान मिशन की दृष्टि से ही तैयार किया गया था। वे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंच कर सात प्रयोग करेंगे। यह भारत के लिए इसलिए भी बड़ी उपलब्धि है कि लंबे समय बाद उसका तैयार किया हुआ कोई अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में गया है। राकेश शर्मा के बाद शुभांशु को दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री का गौरव प्राप्त हुआ है। 12 साल बाद गुरु बृहस्पति बनाएंगे शक्तिशाली 'हंस महापुरुष राजयोग', इन राशियों का चमक सकता है भाग्य, करियर में तरक्की के साथ कमाएंगे खूब सारा धन अंतरिक्ष में मानव को भेजना इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि उन्नत अंतरिक्ष यानों, ताकतवर कैमरों, रोबोटिक यंत्रों आदि के विकास के बावजूद अंतरिक्ष के विस्तार को पूरी तरह खंगाल पाना संभव नहीं है। इसलिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित किया गया, ताकि वहां रह कर अंतरिक्ष यात्री विभिन्न क्षेत्रों का अध्ययन कर सकें। मगर उस स्टेशन तक मानव को भेजना और वापस लाना अब भी बड़ी चुनौती है। सुनीता विलियम्स के वहां लंबे समय तक फंस जाने की घटना से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। जिन यात्रियों को वहां भेजा जाता है, उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से विशेष प्रशिक्षण की जरूरत होती है, क्योंकि अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के लिए जिस तरह शरीर को ढालने की जरूरत होती है, वह कम ही लोग कर पाते हैं। फिर, उस स्टेशन तक यात्रियों को भेजने के लिए भरोसेमंद यान अभी तक अमेरिका ही विकसित कर पाया है। शुभांशु के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर जाने से भारत को अपने अंतरिक्ष यात्री तैयार करने का रास्ता खुलेगा और गगनयान मिशन के लिए काम करने में काफी मदद मिलेगी। अंतरिक्ष के बहुत सारे रहस्य अभी खुलने बाकी हैं। उसका अध्ययन केवल इसलिए महत्त्वपूर्ण नहीं है कि उसमें जीवन की संभावनाओं की तलाश हो सकेगी। विभिन्न ग्रहों पर खनिजों और नए तत्त्वों की खोज से विज्ञान व मानवता के लिए नए रास्ते भी खुल सकेंगे। भविष्य में धरती के कई खनिज बढ़ती जरूरतों के आगे अपर्याप्त पड़ सकते हैं। इसलिए दूसरे ग्रहों पर उनकी तलाश अभी से करनी पड़ेगी। फिर, अब तो अंतरिक्ष पर्यटन पर जोर बढ़ रहा है।

# भारतीय बाजार रहा गुलजार सेंसेक्स ने लगाई 1000 अंकों की छलांग

## निफ्टी 25500 के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन यानी गुरुवार को गुलजार रहा। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 1000.36 अंक उछलकर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 304.25 अंक बढ़कर 25,549.0 अंक पर आ गया। गुरुवार को भारतीय बाजारों में मजबूती दिखी।

बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1 फीसदी से ज्यादा का उछाल आया। सेंसेक्स ने 1000 अंकों की ऊंची छलांग लगाई। 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1000.36 अंक या 1.21 प्रतिशत उछलकर 83,755.87 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 304.25 अंक या 1.21 प्रतिशत बढ़कर 25,549.0 अंक पर बंद हुआ। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 40 पैसे बढ़कर 85.68 (अनंतिम) पर बंद हुआ।



ईरान और इस्राइल के बीच युद्ध विराम को लेकर आशावाद के बीच इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में गुरुवार को शुरूआती कारोबार में तेजी देखने को मिली। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 163.27 अंक चढ़कर 82,918.78 पर पहुंचा, जबकि निफ्टी 64.35 अंक चढ़कर 25,309.10 पर पहुंचा। बुधवार को 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 700.40 अंक या 0.85 प्रतिशत उछलकर 82,755.51 अंक पर बंद हुआ था। वहीं, एनएसई निफ्टी 200.40 अंक या 0.80 प्रतिशत बढ़कर 25,244.75 अंक पर बंद हुआ था।

# मई में भी बरकरार रही भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार, निवेश और उत्पादन में हुई मजबूत वृद्धि

**नई दिल्ली।** आरबीआई बुलेटिन के अनुसार वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती से खड़ी रही। रिपोर्ट के अनुसार मई में लगातार चौथे महीने मुद्रास्फीति आरबीआई के लक्ष्य से नीचे दर्ज की गई। साथ ही, भारत विदेशी निवेशकों के लिए भी एक प्रमुख गंतव्य बनता जा रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मई 2025 में मजबूत बनी रही। भारतीय रिजर्व बैंक के मासिक बुलेटिन में यह दावा किया गया है। केंद्रीय बैंक ने कहा कि यह औद्योगिक और सेवा दोनों क्षेत्रों में स्वस्थ विकास की ओर इशारा करते हैं।





### मई महीने में जीएसटी राजस्व 2 लाख करोड़ रुपये के पार

रिपोर्ट में कहा गया कि ई-वे बिल, जीएसटी राजस्व, टोल संग्रह और डिजिटल भुगतान जैसे प्रमुख संकेतकों में मजबूती दिखी। यह स्थिर आर्थिक गति को दशार्ती है। आंकड़ों के अनुसार मई में लगातार दूसरे महीने जीएसटी राजस्व 2 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया। इसमें मजबूत आयात-संबंधित जीएसटी संग्रह ने मदद की।

### स्थायी निवेश में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि

इसमें यह भी बताया गया कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वास्तविक जीडीपी 6.5 प्रतिशत बढ़ेगी, जिसमें चौथी तिमाही में 7.4 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर्ज की गई। यह वृद्धि मुख्य रूप से स्थायी निवेश में 9.4% की वृद्धि और निर्माण क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन के कारण हुई।

### खाद्य मुद्रास्फीति नियंत्रण में रही

रिपोर्ट के अनुसार मई में लगातार चौथे महीने मुद्रास्फीति नियंत्रण में रही। यह आरबीआई के लक्ष्य से नीचे दर्ज की गई। फसल उत्पादन के रिकॉर्ड स्तर से इसे समर्थन मिला और खाद्य कीमतों को नियंत्रण रखने में मदद मिली। कुल मिलाकर घरेलू मूल्य स्थिति स्थिर बनी हुई है। सेवा और विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि पीएमआई के आंकड़ों से यह भी पता चला कि भारत आर्थिक गतिविधि विस्तार में दुनिया में सबसे आगे है। सेवा पीएमआई 58.8 प्रतिशत पर रहा।

# एअर इंडिया हादसे के बाद मिले ब्लैक बॉक्स की जांच जारी

## नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने दिया यह अपडेट

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एअर इंडिया हादसे के बाद मिले ब्लैक बॉक्स के जांच से जुड़ी जानकारी साझा की है। मंत्रालय ने बताया है कि 24 जून को फ्रंट ब्लैक बॉक्स से क्रैश प्रोटेक्शन मॉड्यूल (सीपीएम) को सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया और 25 जून को मेमोरी मॉड्यूल को सफलतापूर्वक एक्सेस किया गया और इसका डेटा एएआईबी लैब में डाउनलोड किया गया। सीवीआर और एफडीआर डेटा का विश्लेषण जारी है।



### दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए हो रही जांच

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने बताया कि इन प्रयासों का उद्देश्य दुर्घटना कारणों का पता लगाना और विमानन सुरक्षा को बढ़ाने व भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए योगदान देने वाले कारकों की पहचान करना है। भारत आईसीएओ शिकागो कन्वेंशन (1944) के हस्ताक्षरकर्ता के रूप में, क्ङअड अनुलग्नक 13 और विमान (दुर्घटनाओं और घटनाओं की जांच) नियम, 2017 के अनुसार विमान दुर्घटनाओं की जांच करता है।

### हादसे के तुरंत बाद जांच के लिए निर्धारित मानदंडों के अनुरूप बनी टीम

विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो ऐसी जांच के लिए नामित प्राधिकारी है। एअर इंडिया फ्लाइट एआई-171 से जुड़ी दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना के बाद, एएआईबी ने तुरंत एक जांच शुरू की और निर्धारित मानदंडों के अनुरूप 13 जून 2025 को एक बहु-विषयक टीम का गठन किया। अंतरराष्ट्रीय प्रोटोकॉल के अनुसार गठित टीम का नेतृत्व डीजी एएआईबी कर रहे हैं। अअक्ङ करते हैं। इस मामले में हैंडलिंग कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर (सीवीआर) और फ्लाइट डेटा रिकॉर्डर (एफडीआर) दोनों को बरामद कर लिया गया है। सीवीआर को 13 जून, 2025 को दुर्घटना स्थल पर इमारत की छत से बरामद किया गया। वहीं एफडीआर को 16 जून, 2025 को मलबे से बरामद किया गया। उनके सुरक्षित संचालन, भंडारण और परिवहन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तय की गई थी।

# नियामकीय नियमों के उल्लंघन पर सेबी ने बीएसई पर लगाया 25 लाख रुपये का जुर्माना

**नई दिल्ली।** गुरुवार को कारोबार की सपाट शुरूआत के बाद एनएसई पर बीएसई का शेयर का भाव 1.47 प्रतिशत गिरकर 2,748 रुपये पर आ गया। बाजार नियामक ने फरवरी 2021 और सितंबर 2022 के बीच किए गए निरीक्षण के बाद यह आदेश पारित किया।

बाजार नियामक सेबी ने सभी हितधारकों को कॉर्पोरेट खुलासे तक समान पहुंच उपलब्ध कराने में विफल रहने और कारोबार के दौरान बार-बार सौदों में संशोधन करने वाले दलालों के खिलाफ कार्रवाई करने के आरोपों में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर कार्रवाई की है। शेयर बाजार पर 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया जिसके बाद गुरुवार की सुबह बीएसई के शेयरों में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। कारोबार की सपाट शुरूआत के बाद एनएसई पर शेयर का भाव 1.47 प्रतिशत गिरकर 2,748 रुपये पर आ गया। बाजार नियामक ने फरवरी 2021 और सितंबर 2022 के बीच किए गए निरीक्षण के बाद यह आदेश पारित किया। सेबी ने 45 पृष्ठों के आदेश में बीएसई की खामियां बताई बुधवार को 45 पृष्ठों के आदेश में सेबी ने पाया कि बीएसई की प्रणाली संरचना ने उसके भुगतान करने वाले ग्राहकों और आंतरिक लिस्टिंग अनुपालन निगरानी (एलसीएम) टीम को कॉरपोरेट घोषणाओं तक पहुंचने की अनुमति दी। ऐसा इन जानकारियों को वेबसाइट के माध्यम से सार्वजनिक किए जाने के पहले ही किया गया। इससे मानदंडों का उल्लंघन हुआ। नियामक ने यह भी पाया कि डेटा प्रसार प्रक्रिया में सभी हितधारकों तक एक साथ और समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपायों का अभाव है।





## रोचक तथ्यों का करंट

- धरती पे जितना भार सारी चीटीयों का है उतना ही सारे मनुष्यो का है।
- सिर्फ एक घंटे तक भी यदि हैडफोन का इस्तिमाल कर लिया जाये तो आपके कानों में बैक्टरिया 700 गुना ज्यादा बढ़ जाते हैं।
- स्केल का भी आविष्कार भारत में हुआ था।
- दोनों आंखें खोलकर छीकना इंपॉसिबल हैं।
- दुनिया का सबसे बड़ा cricket ground भारत देश में ही मौजूद हैं।
- अजवाइन को खाने में कितनी कैलोरी लगती है जितनी की अजवाइन से आपको कैलोरी नहीं मिलती।
- तोते इंसानो की तरह अपने बच्चों को एक नाम देते है। और उम्र भर उनका वही नाम रहता है।
- इंसान के दिमाग का विकास 40 साल की उम्र तक तक होता है।
- क्या आपको पता है कि, पाई कि श ’8ी का आविष्कार भी यहीं भारत में हुआ था।
- अगर कोई आपको अपनी सपने के बारे में बताएं तो यह जरूर पूछना कि उसका सपना कहां से शुरू हुआ, क्योंकि सपना कहां से शुरू हुआ यह बताना पॉसिबल नहीं।

## राशिफल

**मेष:** आज दिन की शुरूआत प्रसन्नता से होगी, रूका हुआ धन मिलेगा और यात्रा भी सफल होगी, हालांकि कर्मचारियों से परेशानी हो सकती है।

**वृष:** दिनचर्या में बदलाव होगा, नई कार्य योजनाएं बनेगी और धन लाभ की संभावना भी है, पूंजी में बढ़ोतरी होगी, माता के स्वास्थ में बदलाव होगा।

**मिथुन:** गृह क्लेश को टालें, जीवन साथी की चिंता रहेगी, यात्रा में सफलता मिलेगी और धन प्राप्ति के योग हैं, तीर्थ पर जाने के योग भी बन रहे हैं।

**कर्क:** प्रेम-प्रसंग में सफलता के योग हैं, अग्नि-वाहन और मशीनरी के उपयोग में सावधानी रखें, व्यर्थ के विवादों से बचें और किसी प्रकार का जोखिम नहीं लें।

**सिंह:** मन को शांति मिलेगी, प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी, धन प्राप्ति सुगम होगी और प्रतियोगिता में भी सफल होंगे, संतान सुख भी होने की संभावना है।

**कन्या:** धार्मिक अनुष्ठानों में रूचि बढ़ेगी, शत्रु शांत रहेंगे, संपत्ति से लाभ होगा, उन्नति होगी, निवेश से मन अनुकूल रहेगा संतान सुख भी संभव है।

**तुला:** संतों का सानिध्य मिलने की संभावना है, कुसंगति से बचें, विवेक से कार्य करें। धन लाभ होगा, दिन पार्टी-पिकनिक में गुजरेगा, विद्यार्थियों को सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** किसी प्रकार की जोखिम वाले काम नहीं करें, हनुमानजी की आराधना करें, हनुमानजी को चोला चढ़ाने से सफलता मिलेगी।

**धनु:** नौकरीपेशा को ऑफिस में टेंशन हो सकता है, यात्रा सफल रहेगी, कोई शुभ समाचार भी मिलेगा। राजकार्य से जुड़े लोगों के लिए समय अच्छा है।

**मकर:** लंबे समय से चले आ रहे विवाद खत्म होंगे, गृहस्थ सुख मिलेगा, स्वास्थ का ध्यान रखें, सम्मान बढ़ेगा। अपने ईष्ट देव की आराधना करें।

**कुंभ:** घरवालों के साथ दिन आनंद में गुजरेगा, धन की प्राप्ति सुगम होगी, जोखिमों से बचें, यात्रा से लाभ की संभावना है, भाग्य उन्नति के प्रयास भी सफल होंगे।

**मीन:** व्यवसाय में जोखिम नहीं लें, खर्च में बढ़ोतरी होगी, किसी से अपेक्षा नहीं करें, संयम से काम लें, विवाद से बचने की कोशिश करें।

## चुटकुले

खचाखच भरी बस में एक लड़की सफर कर रही थी
अचानक ड्राइवर ने ब्रेक मारा...
एक बिहारी लड़का खूबसूरत लड़की से टकरा गया
लड़की-आराम से खड़े हो जाओ
लड़का-सॉरी...
फिर ब्रेक लगा
लड़का फिर से जा टकराया
लड़की -क्या कर रहे हो!
लड़का- जी, इंजिनियरिंग।

---

संता (वकील से)- मुझे अपनी पत्नी से तलाक चाहिए
संता- क्यों?
संता- वो पिछले 5 महीने से मुझसे बात नहीं कर रही
वकील- एक बार फिर अच्छी तरह सोच लो. ऐसी पत्नी बार-बार नहीं मिलती।

---

बाहर सब्जी वाला चिल्ला रहा था... 20 रुपये का फूलगोभी का जोड़ा
यह सुनकर सोनू उदास हो गया और मोनू से बोला- बताओ, फूलगोभी का भी जोड़ा है, बस हम ही अकेले हैं।

## 27 06 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन



कार्तिका नेर
अभिनेत्री



प्रियंका पाण्डेय



एड. महक राजपूत



लक्षित हूण



अनुज कश्यप



अशोक संत



सुरेन्द्र शर्मा



पंकज शर्मा



संजय यादव



शिवनंदन कपूर



जी सी गर्ग



सतबीर सिंह



जितेन्द्र त्यागी



राजेश कुमार



विनय शर्मा



योगेश सक्सेना



प्रकाश चंद



ऋषभ जैन



सतबीर सिंह



पंकज शर्मा



अजहर खान



रंजन राजन

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
**Email : currentcrimenews@gmail.com**

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

## करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# 'उसकी विराट से तुलना होनी चाहिए', अश्विन ने इस भारतीय बल्लेबाज की तारीफ में पढ़े कसीदे

**मुंबई।** भारतीय टीम के पूर्व स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि ऋषभ पंत की तुलना पूर्व कप्तान विराट कोहली से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में उन्होंने प्रभावित किया। बता दें कि, लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच में विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने दोनों पारियों में शतक लगाकर रिकॉर्ड्स की झड़ी लगा दी।



## अश्विन ने पंत की तुलना विराट से की

अश्विन ने पंत की तारीफ करते हुए उनकी तुलना विराट कोहली से की। अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए पूर्व गेंदबाज ने कहा- 'ऋषभ पंत की तुलना विराट कोहली जैसे खिलाड़ियों से की जानी चाहिए। वह एक मुख्यधारा के बल्लेबाज हैं। इस तरह के कुछ विशेष बल्लेबाजों में गेंद को जल्दी से पहचानने की क्षमता होती है। वे लाइन को जल्दी पहचान लेते हैं, लेंथ को जल्दी पहचान लेते हैं और शानदार पोजीशन में पहुंच जाते हैं। ऋषभ पंत उन दुर्लभ खिलाड़ियों में से एक हैं जिनके पास यह विशेष कौशल है।' हेडिंग्ले में खेले गए टेस्ट मैच में भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने लगातार दूसरी पारी में शतक लगाकर इतिहास रचा था। उन्होंने अपनी जबरदस्त फॉर्म का मुजायरा पेश करते हुए महज 130 गेंदों में अपने टेस्ट करियर का आठवां शतक पूरा किया। पंत ने इससे पहले पहली पारी में 146 गेंदों में अपना सातवां टेस्ट शतक पूरा किया था। इसी के साथ पंत पहले भारतीय बन गए जिन्होंने इंग्लैंड में टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया है। इसके अलावा वह सातवें भारतीय हैं जिन्होंने टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाया है।

इसी के साथ पंत एंडी फ्लॉवर के बाद दूसरे ऐसे विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए जिन्होंने टेस्ट की दोनों पारियों में शतक लगाए हैं। जिम्बाब्वे के इस दिग्गज बल्लेबाज ने 2001 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में 142 और दूसरी पारी में 199 रनों की नाबाद पारी खेली थी। अब पंत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहली पारी में 134 और दूसरी पारी में 118 रन बनाए।

### इंग्लैंड ने जीता पहला टेस्ट

इंग्लैंड ने इस मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था। भारत ने पहली पारी में 471 रन बनाए थे और इंग्लैंड की पहली पारी 465 रन पर ऑलआउट कर छह रनों की मामूली बढ़त हासिल कर ली थी। भारत की दूसरी पारी चौथे दिन 364 रन पर ऑलआउट हुई थी और उसने कुल 370 रनों की बढ़त हासिल कर इंग्लैंड को 371 रनों का लक्ष्य दिया था। इंग्लैंड ने आखिरी दिन आसानी से लक्ष्य हासिल किया और 1-0 से सीरीज में बढ़त लेने में सफल रहा। इंग्लैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट पर 373 रन बनाकर जीत हासिल की।

# भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए आर्चर इंग्लैंड टीम में शामिल

## चार साल में पहली बार खेलेंगे टेस्ट

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया है। आर्चर चार साल में पहली बार टेस्ट टीम में शामिल हुए हैं। इंग्लैंड के पुरुष चयन समिति ने एजबेस्टन में दो जुलाई से होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए आर्चर को शामिल किया है। आर्चर ने आखिरी बार फरवरी 2021 में इंग्लैंड के लिए टेस्ट मैच खेला था।



### पहले टेस्ट में कमजोर दिखाई दिया था गेंदबाजी आक्रमण

भारत के खिलाफ एंडरसन तेंदुलकर सीरीज के पहले टेस्ट में आर्चर और मार्क वुड के बिना इंग्लैंड का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर दिखाई दिया था। ऐसे में आर्चर का इंग्लैंड टीम से जुड़ना उसके लिए राहत की खबर है। आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलने वाले आर्चर चोटों के कारण चार साल से प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेले हैं। आर्चर ने 2021 से इंग्लैंड के लिए सिर्फ सफेद गेंद के प्रारूप में खेला है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि आर्चर लाल गेंद के क्रिकेट में वापसी करना चाहते हैं। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बयान में कहा, '30 वर्षीय तेज गेंदबाज आर्चर फरवरी 2021 के बाद पहली बार इंग्लैंड की टेस्ट टीम में शामिल हुए हैं और अगले सप्ताह एजबेस्टन में खेलने के लिए उत्सुक हैं।' इंग्लैंड ने पहले टेस्ट मैच में भारत को पांच विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल की है।

# इंग्लैंड के खिलाफ बार-बार कैच क्यों ड्रॉप कर रहे हैं यशस्वी जायसवाल? अश्विन ने बताया कारण

**नई दिल्ली।** रविचंद्रन अश्विन भारत और इंग्लैंड के बीच जारी एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के हेडिंग्ली टेस्ट में स्लिप कॉर्डन के आसपास कैच पकड़ने में नाकाम रहे भारतीय खिलाड़ियों के समर्थन में सामने आए हैं। मैच के दौरान यशस्वी जायसवाल और रवींद्र जडेजा समेत भारतीय खिलाड़ियों को कैच पकड़ने में परेशानियों का सामना करना पड़ा था। भारत ने पहले टेस्ट में कई कैच छोड़े, जिसकी वजह से टीम को हार का सामना करना पड़ा। अब अश्विन ने एक सरल स्पष्टीकरण दिया है। अश्विन ने कहा कि ड्यूक की गेंद भारी होती है और इसे समायोजित करना मुश्किल है। उन्होंने कहा कि इस बात को बहुत से लोग नहीं मानते हैं और प्रशंसकों ने यशस्वी की जमकर आलोचना की, जो पिछले कुछ महीनों में भारत के सबसे बेहतर फील्डर्स में से एक रहे हैं। पहली पारी में शतक बनाने वाले यशस्वी ने



दूसरे, तीसरे और पांचवें दिन इंग्लैंड की पारी के दौरान में चार कैच छोड़े। उपलब्ध रिकॉर्ड के मुताबिक, यह एक पारी में एक खिलाड़ी द्वारा सबसे अधिक कैच छोड़ने का रिकॉर्ड है। अन्य भारतीय खिलाड़ियों ने भी जरूरी कैच छोड़े और लीड्स के हेडिंग्ले में टीम इंडिया को पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा। अब दूसरा टेस्ट बर्मिंघम में दो जुलाई से शुरू होगा। अश्विन ने अपने एक्स (पूर्व में ट्विटर) हैंडल पर एक वीडियो में कहा, 'स्लिप कॉर्डन पर यशस्वी के कैच छोड़ने को लेकर कई बातें हुई हैं। हां, उसे यह मुश्किल लग रहा होगा, लेकिन आइए हम सब बस कुछ समझें और उन्हें थोड़ा आराम से रहने दें, जो हम अक्सर करने में विफल रहते हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि इंग्लैंड में कैच पकड़ना कितना मुश्किल है। वहां ठंड रहती है और ड्यूक की गेंद भी अहम किरदार निभाती है। अश्विन ने कहा, 'ड्यूक गेंद से ढलने में समय लग सकता है। एसजी गेंद हाथ में अच्छे से आती है और आरामदायक महसूस होता है। कूकाबूरा छोटी लगती है। ड्यूक कठिन है और निश्चित रूप से गेंद बड़ी लगती है और उसे कैच करना आसान नहीं है। यशस्वी भारत के सबसे बेहतर स्लिप फील्डर्स में से एक रहे हैं। उन्होंने हाल के दिनों में कुछ शानदार कैच लपके हैं, खासतौर पर टेस्ट क्रिकेट में। इसलिए हमें उन्हें कुछ समय देना चाहिए।'

### पंत के दोहरे शतक पर अश्विन का बयान

हेडिंग्ले में ऋषभ पंत ने दो पारी में दो शतक लगाए। ऐसा करने वाले वह भारत के पहले विकेटकीपर बने। अश्विन ने उनकी सराहना की और साथ ही उनकी रणनीति का भी खुलासा किया। उन्होंने कहा, 'पंत के लिए दोहरा शतक। एक बड़ी उपलब्धि। उनके खेलने के तरीके पर हमेशा सवाल किए गए हैं। फिर भी ब्रायडन कार्स के खिलाफ उन्होंने एक स्लॉग स्वीप खेला जो साधारण क्रिकेट की तरह नहीं लग रहा था। मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वह ऐसे ही शिकार हो बैठे थे। इस रणनीति पर कई सवाल खड़े हो सकते हैं, लेकिन वह हमेशा से ऐसे ही खेलते आए हैं।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच सीमित ओवरों की सीरीज को लेकर गजब का उत्साह, पहले टी20 के सभी टिकट बिके


**नई दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अक्तूबर-नवंबर में होने वाली सीमित ओवरों की सीरीज को लेकर गजब का उत्साह दिख रहा है। इस सीरीज में अभी काफी समय शेष है, लेकिन अभी से ही सिडनी में होने वाले तीसरे वनडे और कैनबरा में होने वाले टी20 मुकाबले के सभी टिकट बिक चुके हैं। इतना ही नहीं, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया आठ मैचों के 90000 टिकट बेच चुका है। भारत ने पिछले साल के अंत में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था।



भारत को अक्तूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है जिसमें टीम तीन वनडे और पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। दौरे की शुरूआत 19 अक्तूबर को पर्थ में होगी और आखिरी मैच आठ नवंबर को ब्रिसबेन में खेला जाएगा। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने कहा, ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच सीमित ओवरों की सीरीज अक्तूबर नवंबर में खेली जाएगी। इसे लेकर क्रिकेटप्रेमियों खासकर भारतवंशियों में काफी उत्साह है। एससीजी वनडे और मानुका ओवल (कैनबरा) टी20 के टिकट चार महीने पहले बिक गए हैं। एमसीजी टी20 और गाबा टी20 के मैचों के टिकटों की भी काफी मांग है। एशेज के टिकटों की रिकॉर्ड बिक्री के बाद सफेद गेंद के मैचों के टिकटों की भी भारी मांग है। आठ मैचों के 90000 टिकट दो सप्ताह के भीतर बिक गए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुसार अभी तक बिके टिकटों के 16 प्रतिशत से अधिक भारतीय फैन क्लबों ने खरीदे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया, भारत आर्मी सबसे सक्रिय फैन क्लब में से है जिसने 2400 टिकट खरीदे हैं। फैंस इंडिया ने भी 1400 से अधिक टिकट खरीदे हैं। ब्रिसबेन में बसे अग्रवाल समुदाय ब्रिसी बनियास के अमित गोयल ने गाबा मैच के 880 टिकट खरीदे हैं। गोल्ड कोस्ट के भारतीय समुदाय ने 500 और मेलबर्न के पक्का लोकल ने 500 टिकट खरीदे हैं।

# बल्लेबाज यशस्वी पर भारी उनकी खराब फील्डिंग, पिछले तीन टेस्ट में छोड़े इतने कैच

**मुंबई।** यशस्वी जायसवाल इन दिनों काफी चर्चा में हैं। दरअसल, लीड्स के हेडिंग्ले में टीम इंडिया की हार के बाद वह सवालों के कटघरे में हैं। उन्होंने इस मुकाबले में चार कैच छोड़े और चारों ने फिर भारत के खिलाफ खूब रन बनाए। सिर्फ यशस्वी ने नहीं, बल्कि बाकी भारतीय फील्डर्स से भी कैच छूटे। टीम इंडिया की खराब फील्डिंग से लीड्स में इंग्लैंड ने पांच विकेट से जीत हासिल की। यशस्वी के कैच छोड़ने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर की प्रतिक्रिया देखने लायक थी। वह बेहद निराश नजर आ रहे थे। अब जब दूसरा टेस्ट दो जुलाई से खेला जाएगा तो यशस्वी से फील्डिंग के स्तर में सुधार की गुंजाइश होगी। क्रिकेट मैच में यह कहावत काफी प्रसिद्ध है कि कैच छोड़ो मैच छोड़ो। पिछले तीन टेस्ट में यह कहावत सही साबित हुई है। यशस्वी ने इन मैचों में जितने रन बनाए, उससे ज्यादा रन जिनको उन्होंने जीवनदान दिया, उसने बना डाले।




यशस्वी आने वाले समय के सितारे हैं, इसमें कोई दो राय नहीं है, लेकिन उनकी फील्डिंग लीड्स टेस्ट के बाद सवालों के घेरे में आ गई। यशस्वी ने इंग्लैंड की दूसरी पारी के दौरान बेन डकेट का कैच छोड़ा। तब वह 97 रन पर थे। इसके बाद उन्होंने 149 रन की पारी खेली। इतना ही नहीं, पहली पारी में भी यशस्वी ने स्लिप में शतकवीर ओली पोप और हैरी ब्रूक के भी कैच छोड़े। पहली पारी में ब्रूक ने 99 रन और पोप ने 106 रन बनाए। इससे फैंस काफी नाराज हुए। फिर यशस्वी को चार कैच छोड़ने के बाद इंग्लिश फैंस के सामने डांस करते भी देखा गया। इस पर गावस्कर समेत कई पूर्व क्रिकेटर्स ने उनकी क्लास लगाई, वहीं कैफ और अश्विन समेत कुछ पूर्व क्रिकेटर्स ने उनका बचाव भी किया।

यशस्वी ने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पिछले साल मेलबर्न टेस्ट से कुल मिलाकर तीन टेस्ट खेले हैं। मेलबर्न टेस्ट की दूसरी पारी से यशस्वी ने कुल मिलाकर सात कैच ड्रॉप किए हैं। यशस्वी ने इस दौरान पांच पारियों (दूसरी पारी से) में बल्लेबाजी की है और 221 रन बनाए हैं। इसमें 84 रन, 10 रन, 22 रन, 101 रन और चार रन की पारियां शामिल हैं। हालांकि, जो सात कैच उन्होंने ड्रॉप किए, उन बल्लेबाजों ने जीवनदान मिलने के बाद 229 रन बना डाले। यानी यशस्वी की बल्लेबाजी पर उनकी खराब फील्डिंग हावी रही है।

हालांकि, अश्विन ने यशस्वी का बचाव करते हुए कहा कि 'स्लिप कॉर्डन पर यशस्वी के कैच छोड़ने को लेकर कई बातें हुई हैं। हां, उसे यह मुश्किल लग रहा होगा, लेकिन आइए हम सब बस कुछ समझें और उन्हें थोड़ा आराम से रहने दें, जो हम अक्सर करने में विफल रहते हैं। मैं यह बताना चाहता हूं कि इंग्लैंड में कैच पकड़ना कितना मुश्किल है। वहां ठंड रहती है और ड्यूक की गेंद भी अहम किरदार निभाती है।' अश्विन ने कहा, 'ड्यूक गेंद से ढलने में समय लग सकता है। एसजी गेंद हाथ में अच्छे से आती है और आरामदायक महसूस होता है। कूकाबूरा छोटी लगती है। ड्यूक कठिन है और निश्चित रूप से गेंद बड़ी लगती है और उसे कैच करना आसान नहीं है। यशस्वी भारत के सबसे बेहतर स्लिप फील्डर्स में से एक रहे हैं। उन्होंने हाल के दिनों में कुछ शानदार कैच लपके हैं, खासतौर पर टेस्ट क्रिकेट में। इसलिए हमें उन्हें कुछ समय देना चाहिए।'

वहीं, कैफ ने एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'यशस्वी जायसवाल कैच क्यों छोड़ रहे हैं? हम ड्यूक की गेंद से अभ्यास कर रहे हैं और जब हमें चोट लगती है, तो हम पट्टी बांध लेते लेते हैं। इस स्थिति में अंगुलियां फंस जाती हैं और अंगुलियां स्वतंत्र रूप से मूव नहीं कर पातीं। आप कैच को पकड़ नहीं पाते क्योंकि पट्टी स्पंज बन जाता है। गेंद इससे उछलती है और यशस्वी के साथ यही दिक्कत आ रही है। गेंद के साथ स्वाभाविक जुड़ाव नहीं खोना चाहिए।'

# एआईसीएफ ने खिलाड़ियों के लिए वजीफा योजना शुरू की



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने बुधवार को शीर्ष राष्ट्रीय खिलाड़ी वजीफा योजना (टीएनपीएसएस) शुरू करने की घोषणा की जो प्रतिभा विकास में मदद करने के लिए एक वित्तीय सहायता पहल है।

एआईसीएफ के अध्यक्ष नितिन नारंग की इस परियोजना का उद्देश्य जमीनी स्तर से शतरंज खिलाड़ियों को तैयार करना है। एआईसीएफ शीर्ष युवा शतरंज प्रतिभाओं के खातों में 60 हजार रुपये से लेकर डेढ़ लाख रुपये तक की पहली तिमाही वजीफा राशि तुरंत भेज रहा है। अप्रैल से जून के महीनों के लिए कुल 42.30 लाख रुपये वितरित किए जाएंगे।

अंडर-सात से लेकर अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी इस योजना के लाभार्थी होंगे। नारंग ने कहा, यह सिर्फ एक योजना नहीं है। यह दशार्ता है कि हम भारत के हर युवा शतरंज खिलाड़ी पर कितना गहरा विश्वास करते हैं। उन्होंने कहा, हमारे इतिहास में पहली बार हम 39 लड़कियों और 39 लड़कों के भविष्य में सीधे निवेश कर रहे हैं। उन्हें अपनी प्रतिभा को सफलता में बदलने के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता प्रदान कर रहे हैं।

# 'अपने बल्ले से क्रिकेट को नया रूप दे रहे हैं ऋषभ', पंत का मुरीद हुआ यह पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी



**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज और भारत के पूर्व मुख्य कोच ग्रेग चैपल ने ऋषभ पंत की जमकर तारीफ की है। लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट की दोनों पारियों में पंत के शतक के बाद चैपल ने कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज बल्लेबाज के तौर पर खेल को नया रूप दे रहे हैं। पंत ने पहले टेस्ट में 134 (178 गेंद, 12 चौके, छह छक्के) और 118 रन (140 गेंद, 15 चौके, तीन छक्के) की पारियां खेलीं। इस दौरान उन्होंने कुछ रिकॉर्ड भी बनाए। भारत ने हालांकि यह मैच पांच विकेट से गंवा दिया। चैपल ने कहा कि भारत के टेस्ट उप कप्तान पंत ऐसे शॉट खेल रहे हैं जो एमसीसी प्लेइंग मैनुअल में भी नहीं हैं। उन्होंने बुधवार को एक प्रचार कार्यक्रम के दौरान कहा, 'जब मैंने पहली बार उन्हें देखा तो उसने मुझे एडम गिलक्रिस्ट की याद आ गई थी। बेशक एक अलग तरह का खिलाड़ी। जब एक विकेटकीपर उस स्तर पर बल्लेबाजी कर सकता है और तेजी से रन बना सकता है तो यह टीम के लिए कितना बड़ा अंतर पैदा कर सकता है, आप समझ सकते हैं।'

# हार के बाद क्या दूसरे मैच में बदलाव करेगी टीम इंडिया?



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद भारतीय टीम में बदलाव की मांग ने जोर पकड़ा है। रोहित शर्मा और विराट कोहली की अनुपस्थिति में खेलने उतरी भारत को इंग्लैंड दौरे पर शुरूआती मैच में हार मिली। इस मैच में भारत के शीर्ष पांच बल्लेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन निचले क्रम के खराब प्रदर्शन और जसप्रीत बुमराह के अलावा अन्य गेंदबाजों का उपयुक्त योगदान नहीं दे पाना भारत को भारी पड़ा।

### बुमराह को दूसरे छोर से नहीं मिल सका समर्थन

शुभमन गिल को रोहित की जगह कप्तान बनाया गया था, लेकिन कप्तान के तौर पर पहले ही मैच में उन्हें हार मिली। भारत के पास हालांकि, अभी मौका है क्योंकि यह सीरीज का पहला ही मैच था। भारत के लिए पहली पारी और दूसरी पारी में निचले क्रम ने बल्लेबाजी में अच्छा योगदान नहीं दिया था जो भारी पड़ा। वहीं, दूसरी पारी में गेंदबाज भी कमाल नहीं दिखा पाए जो हार का बड़ा कारण रहा। पहली पारी में पांच विकेट लेने वाले भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह दूसरी पारी में खाली हाथ रहे और एक भी विकेट हासिल नहीं कर सके। भारत को पहले मैच में ज्यादातर समय तक दबदबा बनाए रखने के बावजूद हार का सामना करना पड़ा। इस हार के बावजूद टीम को ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है।



एजबेस्टन टेस्ट के लिए हालांकि प्लेइंग-11 में कुछ बदलाव तय हैं। इंग्लैंड में टीमें अकसर चार तेज गेंदबाजों के साथ मैदान पर उतरती रहीं हैं, लेकिन मौजूदा समय में शुष्क मौसम को देखते हुए कुलदीप और रवींद्र जडेजा दोनों प्लेइंग-11 में जगह बना सकते हैं। जडेजा की गेंदबाजी पर भी सवाल उठ रहे हैं क्योंकि वह स्पिनरों की मददगार पांचवें दिन की पिच पर ज्यादा प्रभाव नहीं छोड़ सके। गेंदबाजी विभाग में किसी और बदलाव की संभावना कम है क्योंकि पहले और दूसरे टेस्ट मैच के बीच एक सप्ताह का अंतराल है और ऐसे में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्लेइंग-11 में बने रहने की उम्मीद है।

टेस्ट में डेब्यू का इंतजार कर रहे बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के फिर से बाहर बैठने की संभावना है क्योंकि टीम प्रबंधन प्रसिद्ध को और मौका देना चाहेगा। मोहम्मद सिराज को पहले टेस्ट में ज्यादा विकेट नहीं मिले लेकिन उन्होंने इंग्लैंड के बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया। जडेजा पहली पारी में रन गति को नियंत्रित करने में सफल रहे लेकिन विकेट नहीं निकाल सके लेकिन गेंदबाजी के अलावा उनके पास किसी भी परिस्थिति में बल्ले से प्रभावी योगदान देने की क्षमता है।

### गंभीर ने शार्दुल ने कम गेंदबाजी कराने का बचाव किया

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में शार्दुल ठाकुर से कम गेंदबाजी कराने के कप्तान शुभमन गिल के फैसले का बचाव किया लेकिन दो जुलाई से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में उनके चयन को सही ठहराना मुश्किल होगा। दिसंबर 2023 के बाद से अपना पहला टेस्ट खेल रहे शार्दुल का तेज गेंदबाजी में अच्छा उपयोग नहीं हुआ और उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से भी टीम को निराश किया। उन्होंने दो पारियों में 20 गेंदों पर कुल पांच रन बनाए। शार्दुल ने मैच की पहली पारी में सिर्फ छह ओवर और दूसरी पारी में 10 ओवर गेंदबाजी की। ऐसे में विशेषज्ञ गेंदबाज की जगह उन्हें तरजीह देने पर सवाल उठ रहे हैं। शार्दुल ने मैच के पांचवें दिन हालांकि लगातार दो विकेट लेकर भारत की जीत की उम्मीदें जगा दी थी लेकिन उनकी गेंदबाजी में धार और पैनापन नहीं था। उन्होंने और प्रसिद्ध कृष्णा ने बहुत सारी कमजोर गेंदें फेंकी, जिससे इंग्लैंड के बल्लेबाजों पर दबाव नहीं बना।

# स्वर्गीय विनोद गुप्ता की पुण्यतिथि पर किए गए श्रद्धा सुमन अर्पित



गाजियाबाद करंट क्राइम। जनसेवक अजय गुप्ता के बड़े भाई स्वर्गीय विनोद गुप्ता की दूसरी पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अजय गुप्ता ने अपने भाई स्वर्गीय विनोद गुप्ता की पुण्य तिथि पर अग्रसेन वाटिका में भंडारे का आयोजन किया। स्वर्गीय विनोद गुप्ता की पुण्यतिथि पर समाज के गणमान्य लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

# 25 हजार का इनामी पुलिस की गिरफ्त

**- घर में घुसकर जानलेवा हमला और फायरिंग करने का है आरोप**



**नोएडा करंट क्राइम।** कोतवाली फेस 2 पुलिस ने 25 हजार रुपए के इनामी एक बदमाश को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी पर घर में घुसकर जानलेवा हमला करने और फायरिंग करने का आरोप है। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। 2022 और 2025 में भी वह दो अलग-अलग मामलों में आरोपी रह चुका है। पुलिस अब इसके अन्य साथियों की तलाश कर रही है

सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि कोतवाली फेस टू पुलिस ने गुरुवार को इलाहाबास निवासी गौरव को गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ कोतवाली फेस टू में मुकदमा दर्ज था। गिरफ्तार गौरव पर अपने साथियों के साथ मिलकर एक शख्स के घर में घुसकर उसके परिजनों के साथ लाठी, डंडों और ईंट पत्थरों से मारपीट कर घायल करने का आरोप है। आरोपी ने मारपीट के दौरान पीड़ित के ऊपर जान से मारने की नीयत से फायरिंग भी की थी। इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी गौरव की तलाश कर रही थी। इस दौरान इस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। किस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त अवैध पिस्तौल बरामद की है।

# बिना निर्माण किए इंडस्ट्रियल प्लाट बेचा तो आवंटन होगा निरस्त

## यीडा ने सार्वजनिक नोटिस जारी किया 50 % इंडस्ट्रियल प्लाटों पर नहीं बनी इंडस्ट्री




**नोएडा करंट क्राइम।** यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में करीब 3215 इंडस्ट्रियल प्लाट आवंटित किए गए। अब तक 50 प्रतिशत से ज्यादा कारोबारियों ने प्लाट पर निर्माण की शुरूआत नहीं की। दरअसल ये आवंटी बढ़ती कीमतों का इंतजार कर रहे है। जैसे की दाम बढेंगे प्लाट को बेच देंगे। अब ऐसा नहीं कर सकेंगे। यीडा ने सार्वजनिक नोटिस जारी कर स्पष्ट कहा कि आवंटी अब इंडस्ट्रियल प्लाट को बिना निर्माण किए नहीं बेच सकेंगे। यदि ऐसा करते है तो आवंटियों का भूखंड निरस्त करेगा।

50% ने भी नहीं किया निर्माण यमुना प्राधिकरण (यीडा) के सेक्टर-24, 24ए, 30, 32, 33 में उद्यमियों को 3215 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है, लेकिन अब तक 50 प्रतिशत ने भी औद्योगिक इकाई और फैक्ट्री का निर्माण शुरू नहीं किया। यीडा ने अपने स्तर से ऐसे मामलों में जांच भी शुरू कर दी है। यदि कोई भी आवंटी ऐसा पाया जाता है तो उसका भूखंड निरस्त कर उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा यदि कोई भी कारोबारी कंपनी का ट्रांसफर करना चाहेगा तो वह सिर्फ अपने खून के रिश्तों में ही ऐसा कर पाएगा।

प्लाट पर 50 प्रतिशत पक्का निर्माण जरूरी अब इंडस्ट्रियल प्लाट पर 50 प्रतिशत पक्का निर्माण कर यूनिट स्थापित करना अनिवार्य हो गया है। अब तक देखा जाता है कि कारोबारी प्लाट पर टिन शेड डालकर मशीन लगा देते हैं। लेकिन अब उनको 50 प्रतिशत पर टीन शेड और बाकी पर पक्का निर्माण करना होगा।

# भैंस दौड़ से मना करने पर युवक पर फायरिंग

## तीन लोगों ने तमंचे से किया हमला, आरोपी फरार



**हापुड़ करंट क्राइम।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव बछलौता में भैंस दौड़ से इनकार करने पर एक युवक पर तमंचे से फायरिंग की गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है विकास ने कार्तिक को भजनपुरा चौराहे पर भैंस दौड़ के लिए बुलाया था। कार्तिक ने इनकार किया तो विकास, सचिन उर्फ चीनू और एक अज्ञात व्यक्ति ने उसके साथ मारपीट की।

कार्तिक किसी तरह जान बचाकर रात 9 बजे अपने घर पहुंचा। इसके बाद आरोपी बाइक पर सवार होकर उसके घर पहुंचे। उन्होंने कार्तिक को फोन कर बाहर बुलाया और तमंचे से तीन राउंड फायरिंग की। गनीमत रही कि गोलियां कार्तिक को नहीं लगीं। गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आरोपी फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह के अनुसार विकास, सचिन उर्फ चीनू और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ हत्या का प्रयास, मारपीट और गाली-गलौज का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

# कार की टक्कर से सीआईएसएफ दारोगा की मौत, मेरठ से लौटते वक्त हुआ हादसा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मोदीनगर के निवाड़ी थाना क्षेत्र में गंगनहर पटरी मार्ग पर बुधवार को गांव पैंगा के निकट कार की टक्कर से बाइक सवार सीआईएसएफ दारोगा दीपक (45 वर्ष) की मौत हो गई। उनकी तैनाती गाजियाबाद के मोहननगर में चल रही थी। बुधवार को वे रिश्तेदारी में गए थे।

लौटते समय अनियंत्रित कार ने ओवरटेक के चक्कर में टक्कर मार दी। कार चालक फरार हो गया है। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। मुरादनगर के जलालपुर ढिंढार गांव के दीपक सीआईएसएफ( केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) में दारोगा थे। वे बुधवार को बाइक से बीमार ताऊ को देखने के लिए मेरठ गये थे। लौटते समय जब वे निवाड़ी थाना क्षेत्र में गंगनहर पटरी मार्ग पर पैंगा के पास पहुंचे तो कार ने ओवरटेक करने के चक्कर मे उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दीपक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दीपक को मुरादनगर सीएचसी लेकर पहुंची। जहां उनकी गंभीर हालत को देखते हुए गाजियाबाद हायर सेंटर रेफर किया गया। वहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना पर स्वजन अस्पताल पहुंचे। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। एसीपी मोदीनगर ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपित चालक की तलाश शुरू कर दी है। जल्द उसकी गिरफ्तारी होगी।

# मोदीनगर के आरजी पब्लिक स्कूल पर कार्रवाई

## मानक पूरे न करने पर मान्यता रद्द, 110 छात्रों को दूसरे स्कूलों में किया जाएगा शिफ्ट



**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाजियाबाद के मोदीनगर में स्थित आरजी पब्लिक स्कूल की मान्यता बेसिक शिक्षा विभाग ने रद्द कर दी है। यह कार्रवाई चार साल की लंबी जांच के बाद की गई है।

बेगमाबाद गांव में स्थित यह स्कूल 2003 से संचालित हो रहा था। स्कूल में नर्सरी से कक्षा पांच तक की शिक्षा दी जाती थी। वर्तमान में यहां 110 से अधिक विद्यार्थी पढ़ाई कर रहे थे।

विभाग को स्कूल के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही थीं। जांच में पाया गया कि स्कूल का भवन मानकों के अनुसार नहीं बना था। कार्यरत स्टाफ का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला। स्कूल परिसर में ही संचालक का परिवार निवास करता था। जुलाई 2021 में जिलाधिकारी ने एक जांच समिति का गठन किया। इसमें मोदीनगर के उपजिलाधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी भोजपुर और एक सेवानिवृत शिक्षक को शामिल किया गया। समिति की जांच रिपोर्ट में सभी शिकायतें सही पाई गईं। प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओपी यादव ने बताया कि स्कूल में पढ़ रहे सभी छात्रों को अन्य स्कूलों में प्रवेश दिलाया जाएगा।

# व्यापारियों की मांग, बस स्टॉपेज और वेयरहाउस चालू करने समेत कई मुद्दों पर डीएम ने दिए निर्देश



**हापुड़ करंट क्राइम।** जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय के समक्ष उद्यमियों ने एमजी रोड हापुड़ के औद्योगिक क्षेत्र में सड़क और नाला निर्माण की मांग उठाई। डीएम ने यूपीसीडा के वरिष्ठ प्रबंधक को शीघ्र कार्यवाही के निर्देश दिए। संयुक्त हापुड़ उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित अग्रवाल ने शहर में पार्किंग की समस्या उठाई।

महामंत्री संजय अग्रवाल ने रोडवेज बसों का हापुड़ में स्टॉपेज की मांग रखी। मंडी समिति द्वारा वेयरहाउस को चालू करने का प्रस्ताव दिया गया। बिजेंद्र पंसारी ने नगरपालिका से जुड़े मुद्दे उठाए। अन्य व्यापारी नेताओं ने बृजघाट, गढ़, छावनी और पिलखुवा की समस्याओं पर ध्यान देने की मांग की। वर्तमान में दिल्ली से लखनऊ, बरेली और मुरादाबाद जाने वाली बसें बाबूगढ़ छावनी, कुचेसर, सिंभावली और बक्सर के अंदर न जाकर बाईपास से निकल रही हैं। इससे यात्रियों को परेशानी हो रही है। परिचालक यात्रियों को बाईपास पर उतार देते हैं या बस में बैठने से मना कर देते हैं। बाईपास पर उतरने से यात्रियों की सुरक्षा भी जोखिम में है। वेयर हाउस खुलवाने की मांग नवीन मंडी स्थल हापुड़ में स्थित वेयरहाउस कई वर्षों से बंद होने से व्यापारियों को भंडारण की समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

गढ़ रोड से ततारपुर बाईपास तक साइट रोड पर प्रकाश व्यवस्था की मांग भी रखी गई। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं के समाधान का आश्वासन देते हुए अगली बैठक से पहले इनका निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम, एडीएम संदीप कुमार, संजय अग्रवाल, बिजेंद्र पंसारी, नेत्रपाल सिंह, संतोष गोयल, प्रवीण वर्मा, संजय कंसल, जितेन्द्र गोयल, दीपांशु गर्ग, राकेश पंसारी समेत अन्य व्यापारी मौजूद रहे।




# चर्चा है तेज क्या बदलेंगे डीसीपी के फेस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई दिनों एक साहब की चर्चा रूक नहीं रही है। तो बीते कई दिनों से एक चर्चा बहुत तेजी से हो रही है कि क्या पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में डीसीपी स्तर के अधिकारियों को लेकर जल्द ही कोई बड़ा समाचार मिल सकता है। उधर पुलिस के सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरीके बुधवार की रात मीटिंग वाला माहौल बना और फिर इसके बाद लोकल वाली वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भी कर डाली गई। तो उसके बाद कई तरीके की चर्चा सुनाई दे रही हैं। इन सबके बीच सूत्र बता रहे हैं कि एक साहब का मन नहीं लग रहा है। तो सुनने में यह भी आ रहा है कि वह खुद के लिए नया प्लेस बना रहे हैं। तो वहीं चर्चा एक जोन के साहब के लिए भी जमकर सुनाई दे रही हैं। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुछ भी बड़ा परिवर्तन देखने को मिल सकता है। उधर जिस तरीके से गुरुवार को महाराज जी वाला कार्यक्रम था, उसमें बड़ी संख्या में एसीपी स्तर के अधिकारी लगाए गए, तो वह अधिकारी भी नजर आए जो दूसरे जोन से बुलाए गए थे। कुल मिलाकर गुरुवार वाला मामला बेहद साइलेंट रहा। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों पर भरोसा किया जाए तो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद से माहौल थोड़ा सा अलग चल रहा है। तो वहीं इन दिनों मीडिया मॉनिटरिंग का भी जबरदस्त ध्यान रखना जा रहा है। इन सबके बीच चर्चा इस बात की हो रही है कि क्या पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुछ मामला टाइट चल रहा है। सुनने में आया है कि इन दिनों छोटी-छोटी घटनाओं पर सवाल और सॉल्यूशन पूछे जा रहे हैं। तो वही यह भी सुनने को मिल रहा है कि आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कोई अन्य आईपीएस अधिकारी आ सकता है। देखना होगा आने वाले दिनों में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में क्या समीकरण बदलते हैं। कौन से डीसीपी स्तर के अधिकारी को इन तो किसको आउट किया जाता है। कौन गाजियाबाद के लिए जुगाड़ लगवाता है और किसका मामला टाइट होता हुआ नजर आ रहा है। यह सारी स्थिति अगले कुछ दिनों में क्लियर हो सकती हैं। देखना होगा की कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले कुछ बदलाव होगा या कांवड़ यात्रा का वेट किया जाएगा और फिर मामला रिसेट होता है।



# मोदीनगर में अवैध कालोनियों पर चला जीडीए का बुलडोजर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को प्रभारी प्रर्वतन जोन-2 के नेतृत्व में मोदीनगर क्षेत्र के खसरा सं0-160 मौहम्मदपुर रोड़ सीकरी कला मोदीनगर के लगभग 8000 वर्ग0 मी0 क्षेत्रफल में रामनाथ पुत्र छित्तर, राजकुमार पुत्र रघुवीर, रामपाल पुत्र रघुवीर, राजू त्यागी व अनुज शर्मा, द्वारा अनाधिकृत अवैध कालोनी काटी जा रही है। जिसमें बाउण्ड्रीवाल मिटटी भराव का कार्य किया जा रहा है। अवैध निर्माणकतों द्वारा मौखे पर कोई स्वीकृत मानचित्र/तलपट एवं भूस्वामित्व का अभिलेख नही दिखाये गये, मोदीनगर, गाजियाबाद के खसरा सं0-239 सहरावत फार्म वाली सड़क पर अबूपुर रोड रजवाहे, मोदीनगर पर लगभग 10 बीघा क्षेत्रफल में संजय, योगेन्द्र, अनिल पुत्रगण चमन सिंह व मनोज पुत्र मांगे राम एवं बबलू चौधरी, ग्राम सादाबाद जखेबा, परगना जलालाबाद (अबूपुर), सडक पर गिट्टी डालने का कार्य किया जा रहा है। उपरोक्त क्षेत्र में कालोनाईजर द्वारा बनाई जा रही सडकें, बाउण्ड्रीवाल, साईट ऑफिस को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। इसके अतिरिक्त मोदीनगर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित 3 ओयो होटल को भी सील किया गया है। उक्त कार्यवाही के दौरान सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही सम्पन्न की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़, एक के पैर में लगी गोली

## 24 मुकदमे दर्ज हैं, दूसरा फरार; गिरफ्तारी के लिए टीम गठित



**नोएडा करंट क्राइम।** पुलिस की बदमाशों के साथ मुठभेड़ हो गई। इसमें एक शातिर बदमाश गिरफ्तार किया गया। इस पर दिल्ली एनसीआर में 24 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। इसके फरार साथी की गिरफ्तारी के लिए टीम लगा दी गई है। चैकिंग के दौरान मुठभेड़ थाना सेक्टर-24 पुलिस सेक्टर-54 के पास एलिवेटेड रोड के नीचे चेकिंग कर रही थी। एनटीपीसी की तरफ से एक बाइक सवार दो लोग आते दिखे। संदिग्ध लगने पर बाइक सवार व्यक्तियों को रुकने का इशारा किया। बाइक को मोड़कर सर्विस रोड से शमशान घाट की तरफ जाने वाले रास्ते पर भगाने लगे। पुलिस टीम द्वारा करीब 600 मीटर तक पीछा किया। जिससे हड़बड़ाहट बाइक गिर गई। दोनों व्यक्ति जंगल की तरफ भागने लगे। अपने को घिरता देख किया फायर अपने को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया।

पुलिस टीम ने जवाबी फायर किया। जिसमें एक बदमाश गोली। वो घायल होकर जमीन पर गिर गया। दूसरा बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर वहां से फरार हो गया। घायल बदमाश की पहचान इरशाद पुत्र इस्माइल निवासी सीमापुरी दिल्ली हुई। इसके कब्जे से 01 तमंचा, 01 खोखा कारतूस 01 जिंदा कारतूस के अलावा पीली धातु की एक गिन्नी, कुल 2530 रुपये नकद बाइक बरामद की गई। ये बाइक भी बदमाशों ने चोरी की थी। इसी से घटना को अंजाम दे रहे थे।

हाल ही में छीनी थी चेन बरामद एक गिन्नी व 2530 रुपए के संबंध में भी थाना सेक्टर-24 में मुकदमा दर्ज है। पूछताछ में बदमाश ने बताया कि वह चोरी और स्नैचिंग की घटना अपने साथी अंकुर के साथ मिलकर पल्सर व स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से बदल-बदलकर करता था। अप्रैल के अंत में सेक्टर-52 मैट्रो स्टेशन के पास से छीनी गई चैन को बेचकर रुपए मिले थे। घायल बदमाश को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। फरार बदमाश की तलाश की जा रही है।

# 28 घंटे की यात्रा के बाद आईएसएस से जुड़ा फाल्कन-9

## 14 दिन में 60 प्रयोग करेंगे अंतरिक्ष यात्री

**फ्लोरिडा।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला ने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए सफल उड़ान भरने के साथ ही नया इतिहास रच दिया। तीन अन्य अंतरिक्ष यात्रियों के साथ रवाना हुए शुभांशु की यह यात्रा 41 साल बाद किसी भारतीय की पहली अंतरिक्ष यात्रा है। साथ ही आईएसएस की यात्रा करने वाले वह पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। उनसे पहले 1984 में राकेश शर्मा रूसी अंतरिक्ष यान सोयूज के जरिये अंतरिक्ष में गए थे। अरबपति कारोबारी एलन मस्क के स्पेसएक्स के फाल्कन-9 रॉकेट ने बुधवार दोपहर 12:01 बजे एक्सिओम-4 मिशन के अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर फ्लोरिडा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से आईएसएस के लिए सफल उड़ान भरी थी।

प्रक्षेपण के 10 मिनट बाद ही अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी का चक्कर काटना शुरू कर दिया। लखनऊ निवासी शुभांशु के साथ अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की अंतरिक्ष यात्री पूर्व मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन, हंगरी के अंतरिक्ष यात्री टिबोर कपू और पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की भी आईएसएस के लिए रवाना हुए हैं। इस सफल प्रक्षेपण ने भारत के साथ ही पोलैंड और हंगरी के भी अंतरिक्ष यात्रियों की अंतरिक्ष में वापसी को साकार किया। यह अंतरिक्ष यान करीब 28.5 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून बृहस्पतिवार को भारतीय समय के अनुसार शाम करीब 4:05 बजे आईएसएस से जुड़ा।

**एक्सिओम मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 14 दिन बिताएंगे और इस दौरान 60 प्रयोग करेंगे। इनमें सूक्ष्मगुरुत्व में मधुमेह, इंसुलिन समेत कई अन्य प्रयोग के साथ नई तकनीकी का परीक्षण व विकास आदि शामिल है।**

### 14 दिन के प्रवास में 60 प्रयोग करेंगे

अंतरिक्ष यात्री अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में 14 दिन बिताएंगे और इस दौरान 60 प्रयोग करेंगे। इनमें सूक्ष्मगुरुत्व में मधुमेह, इंसुलिन समेत कई अन्य प्रयोग के साथ नई तकनीकी का परीक्षण व विकास आदि शामिल है। शुभांशु भारतीय शिक्षण संस्थानों के तैयार सात प्रयोग भी करेंगे। इनमें ज्यादातर बायोलॉजिकल स्टडीज होंगी, जैसे अंतरिक्ष में मानव स्वास्थ्य और जीवों पर असर देखना। साथ ही वह नासा के साथ 5 और प्रयोग करेंगे। ये लंबे अंतरिक्ष मिशनों के लिए डाटा जुटाएंगे।

### गगनयान मिशन में आएगा काम

शुभांशु का आईएसएस का अनुभव भारत के गगनयान मिशन में काम आएगा। यह भारत का पहला मानव अंतरिक्ष मिशन होगा। इसका उद्देश्य भारतीय गगनयात्रियों को पृथ्वी की निचली कक्षा में भेजना और सुरक्षित रूप से वापस लाना है। इसे 2027 में लॉन्च किया जाना है। भारत ने एक्सिओम-4 मिशन पर अब तक करीब 548 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इसमें शुभांशु और उनके बैकअप ग्रुप कैप्टन प्रशांत नायर के प्रशिक्षण का खर्च भी शामिल है। ये पैसे प्रशिक्षण, उपकरण, और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी में लगे हैं। यह मिशन गगनयान के लिए भारत के अभ्यास की तरह है।




### राकेश शर्मा के बाद किसी भारतीय की अंतरिक्ष यात्रा

शुभांशु से 41 साल पहले राकेश शर्मा 1984 में तत्कालीन सोवियत संघ के सैल्यूट-7 अंतरिक्ष स्टेशन के तहत कक्षा में आठ दिन रहे थे। अपने अंतरिक्ष प्रवास के दौरान राकेश शर्मा ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से बात की थी और कहा था सारे जहां से अच्छा, हिंदूस्तां हमारा।

### छह बार टाला गया मिशन

सफल उड़ान से पहले एक्सिओम-4 मिशन को विभिन्न कारणों से 6 बार टाला गया था। सबसे पहले 29 मई को अंतरिक्ष यान के तैयार नहीं होने के कारण उड़ान टाली गई। इसे 8 जून के लिए निर्धारित किया गया। हालांकि फाल्कन-9 रॉकेट लॉन्च के लिए तैयार नहीं था। नई तिथि 10 जून तय की गई लेकिन मौसम खराब होने की वजह से इसे टाल दिया गया। चौथी बार 11 जून को मिशन के उड़ान की तारीख तय की गई लेकिन ऑक्सीजन लीक होने के चलते स्थगित करनी पड़ी। नई तिथि 19 जून दी गई, इस तिथि पर मौसम की अनिश्चितता, चालक दल की सेहत के कारण फिर से टल गया। छठी बार मिशन को 22 जून के लिए निर्धारित किया गया लेकिन आईएसएस के ज्वेज्दा सर्विस मॉड्यूल के मूल्यांकन करने के लिए अतिरिक्त समय चाहिए था जिसके कारण मिशन टल गया।

---

# फ्रांस में तूफान ने मचाई तबाही दो लोगों की मौत और 17 घायल

**फ्रांस।** फ्रांस में भारी बारिश ने तबाही मचा दी है। इस तूफान में अब तक दो लोगों की जान चली गई है और 17 लोगों के घायल होने की खबर है। फ्रांसीसी नागरिक सुरक्षा एजेंसी के अनुसार 1.10 लाख घरों की बिजली गुल हो गई है। फ्रांस में बुधवार को आए भीषण तूफान ने तबाही मचा दी। इसमें दो लोगों की मौत हो गई और 17 लोग घायल हुए। तूफान के कारण पेड़ उखड़ गए, पेरिस की सड़कों पर पानी भर गया और संसद भवन की छत से पानी टपकने लगा।



### संसद की छत से पानी टपकने लगी

प्रधानमंत्री फ्रांस्वा बैरू जब संसद में पश्चिम एशिया पर भाषण देने के बाद नेशनल असेंबली की टपकती गुंबदाकार छत की ओर देखते हुए कहा, क्या आपने ध्यान दिया, बारिश हो रही है ?सदन के उपाध्यक्ष रोला लेस्क्यूर ने तत्काल वाद-विवाद को स्थगित कर दिया ताकि अग्निशमन कर्मी छत का निरीक्षण कर सकें। करीब 15 मिनट बाद जब सत्र दोबारा शुरू हुआ, तो लेस्क्यूर ने सांसदों को बताया कि छत से रिसाव रोकने के लिए सोखने वाले मैट्स का इस्तेमाल किया गया।

### 1.10 लाख घरों की बिजली गुल

फ्रांसीसी नागरिक सुरक्षा एजेंसी के अनुसार तूफान में उस समय आया जब हाल ही में लू की स्थिति बनी हुई थी। इसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया और करीब 1.10 लाख घरों की बिजली गुल हो गई। फ्रांसीसी मीडिया के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम फ्रांस में पेड़ गिरने से एक 12 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। वहीं उत्तर-पश्चिम में एक व्यक्ति की मौत तब हुई जब उसका क्वाड-बाइक गिरे हुए पेड़ से टकरा गया।

---

# यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने विशेष न्यायाधिकरण को दी मंजूरी, रूसी नेताओं पर चल सकेगा मुकदमा

**कीव।** यूक्रेन लंबे समय से विशेष अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की मांग कर रहा था, ताकि रूसी अधिकारियों और नेताओं को युद्ध अपराध जैसे नागरिक ठिकानों पर हमले, आम नागरिकों की हत्या, दुष्कर्म, लोगों का अपहरण करके उन्हें प्रताड़ित करने आदि के लिए दंडित किया जा सके। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस के शीर्ष अधिकारियों और नेताओं के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए नए अंतरराष्ट्रीय कोर्ट को गठित करने की योजना को मंजूरी दे दी है। इस नई अदालत में रूसी अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा यूक्रेन पर हमले के आरोप में चलाया जाएगा। यूक्रेन और यूरोपीय परिषद के बीच समझौते के तहत विशेष न्यायाधिकरण का गठन किया जाएगा।



### क्यों पड़ी नई अंतरराष्ट्रीय अदालत की जरूरत

नई अंतरराष्ट्रीय अदालत के गठन का उद्देश्य यूक्रेन के खिलाफ आक्रमण के लिए रूसी नेताओं और अधिकारियों को सजा देना है। यूक्रेन का आरोप है कि रूसी सेना ने 24 फरवरी 2022 को यूक्रेन पर हमले के बाद से अनगिनत युद्ध अपराध किए हैं। अभी जो अंतरराष्ट्रीय अदालतें मौजूद हैं जैसे अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय को रूसी नेताओं के खिलाफ मुकदमा चलाने का अधिकार नहीं है। यूक्रेन लंबे समय से विशेष अंतरराष्ट्रीय न्यायालय की मांग कर रहा था, ताकि रूसी अधिकारियों और नेताओं को युद्ध अपराध जैसे नागरिक ठिकानों पर हमले, आम नागरिकों की हत्या, दुष्कर्म, लोगों का अपहरण करके उन्हें प्रताड़ित करने आदि के लिए दंडित किया जा सके। हालांकि रूस इन आरोपों से इनकार करता है।

### अभी भी बहुत कुछ तय किया जाना बाकी

हालांकि नया अंतरराष्ट्रीय न्यायालय कहां बनेगा और कैसे काम करेगा, इस पर अभी भी फैसला किया जाना बाकी है। हेग स्थित अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय जैसा ही नए कोर्ट का भी कानूनी ढांचा हो सकता है, लेकिन अभी कुछ भी तय नहीं है। अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत राष्ट्राध्यक्ष और शीर्ष नेताओं को अक्सर मुकदमे से सुरक्षा मिलती है। इस नई अंतरराष्ट्रीय अदालत को नीदरलैंड्स, जापान, कनाडा जैसे देशों से फंडिंग मिलेगी। अमेरिका ने जो बाइडन के नेतृत्व में इसे समर्थन दिया था, लेकिन डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से इस प्रोजेक्ट का समर्थन नहीं किया जा रहा है।

---

## चीन-पाकिस्तान की मिलीभगत पर भारत का बड़ा वार

# राजनाथ सिंह ने एससीओ में साझा बयान पर नहीं किए दस्तखत

**किंगदाओ।** चीन में हुई एससीओ बैठक में भारत ने आतंकवाद पर सख्त रुख अपनाते हुए साझा बयान पर दस्तखत करने से इनकार कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान पर परोक्ष हमला बोलते हुए कहा कि आतंकवाद और शांति साथ-साथ नहीं रह सकते। उन्होंने पहलगाम हमले का जिक्र न होने पर आपत्ति जताई। चीन में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत ने एक बार फिर आतंकवाद के मुद्दे पर अपना सख्त रुख साफ कर दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने साझा बयान पर साइन करने से इनकार कर दिया क्योंकि इसमें हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र तक नहीं था, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई थी। नतीजतन, एससीओ सम्मेलन के बाद कोई संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया।



सूत्रों के मुताबिक, चीन जो इस बार एससीओ का अध्यक्ष है और उसका सबसे पक्का दोस्त पाकिस्तान, दोनों ने मिलकर रउड के दस्तावेज में आतंकवाद पर फोकस कम करने की कोशिश की। लेकिन भारत ने इस पर कड़ा ऐतराज जताते हुए अपने पक्ष से कोई समझौता नहीं किया। खासतौर पर कश्मीर के पहलगाम में हुए हालिया आतंकी हमले को लेकर भारत ने यह साफ कर दिया कि आतंकवाद पर कोई नरमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बिना नाम लिए पाक पर खूब बरसे

बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान का नाम लिए बिना उस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ देश अपनी नीतियों में सीमा पार आतंकवाद को एक हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहे हैं और आतंकियों को पनाह दे रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि ऐसे दोहरे मापदंड को खत्म करना बेहद जरूरी है और एससीओ जैसे मंच को ऐसी ताकतों की खुलेआम आलोचना करनी चाहिए।

### आतंक और शांति एक साथ नहीं-राजनाथ

रक्षा मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत शांति का समर्थक है, लेकिन आतंकवाद और शांति साथ-साथ नहीं चल सकते। उन्होंने अन्य सदस्य देशों से भी आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होने की अपील की। गौरतलब है कि एससीओ में भारत, चीन, पाकिस्तान, रूस समेत कुल दस सदस्य देश शामिल हैं। इस पूरे घटनाक्रम ने एक बार फिर दिखा दिया कि भारत आतंकवाद पर किसी भी दबाव या समझौते के लिए तैयार नहीं है। एससीओ सम्मेलन भले ही बिना साझा बयान के समाप्त हुआ हो, लेकिन भारत का कड़ा संदेश पूरी दुनिया के सामने आ चुका है।

---

# ब्राजील में ब्रिक्स समिट में शामिल नहीं होंगे शी जिनपिंग

## वहां पीएम मोदी को स्टेट डिनर का न्योता, चीनी राष्ट्रपति इससे नाराज

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अगले हफ्ते ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में होने वाले इफ्क्ष्ठर समिट में भाग नहीं लेंगे। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने अपनी रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया है कि जिनपिंग समिट के बाद स्टेट डिनर में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बुलाए जाने से नाराज हैं।



ब्राजील में 6-7 जुलाई को 17वां इफ्क्ष्ठर समिट होने वाला है। समिट के बाद स्टेट डिनर के लिए ब्राजीलियन राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा ने पीएम नरेंद्र मोदी को बुलाया है। रउटढ के मुताबिक, जिनपिंग को लग रहा है कि मोदी के सामने उन्हें कम तवज्जो मिलेगी। हालांकि, चीन ने इफ्क्ष्ठर समिट के मेजबान ब्राजील को राष्ट्रपति जिनपिंग के बिजी शेड्यूल का हवाला देते हुए उनके न आने की जानकारी दी है। बैठक से करीब 10 दिन पहले चीनी राष्ट्रपति के इस फैसले से ब्राजील के नाराज होने की भी खबरें हैं। शी जिनपिंग के बतौर राष्ट्रपति 12 सालों के कार्यकाल में ऐसा पहली बार होगा, जब वे इफ्क्ष्ठर समिट में नहीं जाएंगे। वे 2013 से हर साल समिट में शामिल हुए हैं। कोविड महामारी के दौरान, उन्होंने दो साल इफ्क्ष्ठर में वर्चुअली भाग लिया था।

शी जिनपिंग और पीएम मोदी 23 अक्टूबर, 2024 को रूस के कजान में इफ्क्ष्ठर समिट में मिले थे। 2020 में गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह पहली बाइलैटरल मीटिंग थी। जिनपिंग की जगह चीनी ढट के ब्राजील जाने की संभावना हालांकि, चीन की तरफ से अभी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने ब्राजील के अखबार फोल्हा से कहा कि सही समय आने पर इसकी जानकारी दी जाएगी।

शी जिनपिंग के समिट में भाग न लेने की रिपोर्ट्स पर ब्राजील के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के आंतरिक फैसलों पर टिप्पणी नहीं करेगा।

### मई 2025 में ब्राजीलियन राष्ट्रपति से मिले थे जिनपिंग

चीनी अधिकारियों के हवाले से बताया कि जिनपिंग पहले ही एक साल से भी कम समय में दो बार ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा से मिल चुके हैं।

---

# 'बच्चों के अत्याचार के मुद्दे पर ध्यान भटकाने की कोशिश हो रही', भारत का पाकिस्तान को करारा जवाब

**न्यूयॉर्क।** भारत ने संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि पाकिस्तान अपने नापाक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न चचाओं में भारत को बदनाम कर रहा है। ऐसा करके पाकिस्तान अपने ही देश में बच्चों के खिलाफ किए जा रहे अत्याचारों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है। भारत ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में पाकिस्तान को करारा जवाब दिया। भारत ने संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि पाकिस्तान अपने क्षेत्र में बच्चों के अत्याचार के मुद्दे से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों के खिलाफ अत्याचार और आतंकवाद फैलाने वाले पाकिस्तान का संयुक्त राष्ट्र में उपदेश देना घोर पाखंड है।




न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में बच्चों और सशस्त्र संघर्ष (सीएएसी) पर वार्षिक खुली बहस के दौरान भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि मैं पाकिस्तान के प्रतिनिधि की ओर से की गई राजनीति से प्रेरित टिप्पणियों पर खारिज करता हूं। पाकिस्तान सीएएसी एजेंडे के गंभीर उल्लंघनकताओं में से एक है। पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र की प्रक्रियाओं पर गलत तरीके से संदेह व्यक्त कर रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान अपने नापाक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए विभिन्न चचाओं में भारत को बदनाम कर रहा है। ऐसा करके पाकिस्तान अपने ही देश में बच्चों के खिलाफ किए जा रहे अत्याचारों से ध्यान हटाने की कोशिश कर रहा है। भारत इसे अस्वीकार करता है।

### पहलगाम हमले को नहीं भूली है दुनिया

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने कहा कि दुनिया 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में पाकिस्तान और पाकिस्तान द्वारा प्रशिक्षित आतंकवादियों के भारत में 26 पर्यटकों को मार डालने वाले हमलों को नहीं भूली है। सीएएसी पर महासचिव की रिपोर्ट पाकिस्तान में सशस्त्र संघर्ष में बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों को उजागर करती है। महासचिव ने स्कूलों, विशेष रूप से लड़कियों के स्कूलों, स्वास्थ्य कार्यकताओं के खिलाफ हमलों सहित इस तरह के गंभीर उल्लंघनों में वृद्धि पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र के महासचिव ने अपनी रिपोर्ट में अफगानिस्तान के साथ सीमावर्ती क्षेत्रों में घटनाओं के बारे में बताया है, जहां अफगान बच्चों की हत्या और अपंगता की एक श्रृंखला को सीधे पाकिस्तानी सशस्त्र बलों द्वारा सीमा पार गोलाबारी और हवाई हमलों के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना ने मई 2025 में हमारे सीमावर्ती गांवों पर जानबूझकर गोलाबारी की, जिसमें कई नागरिक मारे गए और घायल हुए। इस तरह के व्यवहार के बाद संयुक्त राष्ट्र में उपदेश देना घोर पाखंड है।

---

# 'ईरान-इस्राइल में अगले हफ्ते बातचीत संभव' नाटो के शिखर सम्मेलन में बोले ट्रंप



**हेग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह तबाह कर दिया है और अगले हफ्ते दोनों देशों के बीच बातचीत संभव है। हालांकि, ईरान ने इनकार करते हुए अमेरिका पर भरोसा न होने की बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दुनिया का ध्यान खींच लिया है। उन्होंने दावा किया है कि अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह तबाह कर दिया है और अगले हफ्ते अमेरिकी और ईरानी अधिकारियों के बीच बातचीत हो सकती है। हालांकि, ईरान ने ऐसे किसी भी संभावित संवाद से साफ इनकार किया है और अमेरिका पर भरोसा न होने की बात कही है।

नीदरलैंड के हेग शहर में चल रहे नाटो देशों के शिखर सम्मेलन में ट्रंप ने कहा कि फिलहाल वह ईरान से बातचीत को लेकर ज्यादा उत्साहित नहीं हैं, लेकिन फिर भी बैठक हो सकती है। ट्रंप ने कहा कि हम शायद कोई समझौता साइन करें, शायद न करें। मेरे नजरिए से जरूरी नहीं। उन्होंने लड़ाई की, अब युद्ध खत्म हो चुका है। ट्रंप का इशारा बीते हफ्ते ईरान पर हुए अमेरिकी हमलों की तरफ था।

### 13 और 22 जून के हमलों से बिगड़ा माहौल

रिपोर्ट के मुताबिक, 13 जून को इस्राइल ने ईरान के टॉप मिलिट्री कमांडरों, वैज्ञानिकों और परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके बाद 22 जून को अमेरिका ने नतान्ज, फोर्डो और इस्फहान जैसे अहम परमाणु ठिकानों पर हवाई हमले किए। ट्रंप ने दावा किया कि इन हमलों में ईरान का पूरा न्यूक्लियर इन्फ्रास्ट्रक्चर ध्वस्त हो गया है।

### ट्रंप के तेवर सख्त, फिर भी बातचीत के संकेत

ट्रंप ने कहा कि हमने सब कुछ तबाह कर दिया। सुरंगें ध्वस्त हो गईं, पूरा सिस्टम बर्बाद हो चुका है। उन्होंने बताया कि अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो को उन्होंने ईरान से संभावित समझौते का ड्राफ्ट तैयार करने को कहा है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि प्रस्तावित बातचीत परमाणु मुद्दे पर ही होगी या व्यापक शांति समझौते को लेकर होगी।

---

# सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ ने खारिज की खुफिया रिपोर्ट

**वाशिंगटन।** अमेरिका की सेंट्रल इंटेलीजेंस एजेंसी (सीआईए) ने भी उन खुफिया रिपोर्ट्स को खारिज कर दिया है, जिनमें दावा किया गया है कि अमेरिकी हवाई हमले में ईरान के परमाणु केंद्र पूरी तरह से तबाह नहीं हुए हैं। सीआईए निदेशक जॉन रैटक्लिफ ने कहा कि अमेरिकी हवाई हमलों के बाद ईरान के परमाणु ठिकानों को बड़ा नुकसान पहुंचा है। रैटक्लिफ ने कहा कि हमें खुफिया जानकारी मिली है कि कई प्रमुख ईरानी परमाणु ठिकाने नष्ट हो गए हैं और उन्हें फिर से बनाने में वर्षों लग जाएंगे। जॉन रैटक्लिफ ने कहा कि सीआईए इसकी पुष्टि करता है कि हमलों से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को भारी नुकसान पहुंचा है।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं नरेंद्र कुमार पुत्र धनपाल नि-म.स.20,अगरोला, लोनी, गाजियाबाद मैंने अपने पुत्र मोहित बंसल व पुत्रवधु खुशबू को 16/12/2020 को अपनी संपत्ति से बेदखल कर दिया था, अब दोनों के अच्छे व्यवहार के कारण बेदखली को खंडित कर अपनी चल अचल संपत्ति में पुरा हक व हिस्सा देता हूँ।

# मुख्यमंत्री ने की गाजियाबाद नगर निगम की सराहना

## महापौर और नगर आयुक्त सहित संपूर्ण शहर हुआ गौरवान्वित

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गुरुवार को गाजियाबाद में मुख्यमंत्री का आगमन और आयोजित कार्यक्रम बहुत ही शानदार रहा। गाजियाबाद नगर निगम की अहम भूमिका भी रही। उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रमों में समीक्षा बैठक भी की। बैठक में मुख्यमंत्री ने स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड की इंपैक्ट एनालिसिस रिपोर्ट का अनावरण किया गया।





### स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड से विद्यार्थियों में बढ़ी जागरूकता, मुख्यमंत्री ने किया अनावरण

**करंट क्राइम।** स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड के लिए सुनियोजित पर्यावरण शिक्षा को बढ़ावा दिया गया। जिसमें 100 स्कूलों में स्वच्छता की पाठशाला लगाई गई। प्री एग्जाम के बाद गाजियाबाद नगर निगम द्वारा पोस्ट एग्जाम भी विद्यार्थियों का लिया गया। जिसमें प्री तथा पोस्ट एग्जाम के मध्य एक विशेष अंतर विद्यार्थियों में स्वच्छता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी के प्रति पांच प्रतिशत की जागरूकता वृद्धि को दशार्ता है। स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड अभियान के उपरांत गाजियाबाद नगर निगम ने सर्वे किया तथा इंपैक्ट एनालिसिस रिपोर्ट को भी तैयार किया गया जिसका अनावरण मुख्यमंत्री ने किया।

### ट्रिपल आर मुहिम में छात्राओं का अधिक रुझान : महापौर

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम के माध्यम से स्वच्छ मोहल्ला स्क्वाड अभियान में पाया गया कि ट्रिपल आर मुहिम में छात्राओं का अधिक रुझान है। छात्रों को भी ट्रिपल आर के लिए मोटिवेट किया जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार कक्षा 7 और 8 के विद्यार्थियों में स्वच्छता के प्रति अधिक जागरूकता दिखाई दी। साथ ही शिक्षकों में भी स्वच्छता की पाठशाला को अनिवार्य रूप से स्कूल एजुकेशन में शामिल करने के लिए अपनी रुचि दिखाई।

### स्वच्छता की पाठशाला स्कूल एजुकेशन में अनिवार्य रूप से हो शामिल, महापौर और नगर आयुक्त ने की अपील

**करंट क्राइम।** स्वच्छ मोहल्ला स्क्वायड के इंपैक्ट एनालिसिस रिपोर्ट के अनावरण पर महापौर सहित गाजियाबाद सांसद अतुल गर्ग तथा समस्त विधायक गण उपस्थित रहे। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा तथा नरेंद्र कश्यप ने भी गाजियाबाद नगर निगम को बधाई दी। मुख्यमंत्री और अतिथियों के आगमन व्यवस्थाओं में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने विशेष भूमिका निभाई। महापौर और नगर आयुक्त ने स्वच्छता की पाठशाला, हर विद्यार्थी के लिए अनिवार्य हो तथा स्कूल एजुकेशन में स्वच्छता की पाठशाला को शामिल करने के लिए अपील की।

**मुलाकात**



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये महानगर अध्यक्ष के रूप में मयंक गोयल का व्यक्तित्व है कि उन्होंने पुराने भाजपाई निष्ठावान कार्यकर्ता का मुख्यमंत्री से स्वयं आगे बढ़कर परिचय कराया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब गाजियाबाद आये तो यहां परिचय का दौर चल रहा था। भाजपा के वरिष्ठ नेता और 1989 से भाजपा कार्यकर्ता के रूप में समर्पण भाव से कार्य कर रहे अश्वनी शर्मा का क्रम आया तो महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने विशेष रूप से अश्वनी शर्मा का परिचय दिया। उन्होंने बताया कि अश्वनी शर्मा पार्टी के वरिष्ठ भाजपा नेता हैं।

# बृज विहार उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी बैठक संपन्न

## सभी ने एक स्वर में बढ़ाए गए हाउस टैक्स के खिलाफ आवाज बुलंद की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बृज विहार उद्योग व्यापार मंडल की कार्यकारिणी की बैठक गुरुवार को स्थानीय अध्यक्ष जसवीर त्यागी के कार्यालय पर हुई जिसमें समस्त कार्यकारिणी उपस्थिति रही। उक्त बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष धनेश सिंघल ने की। बैठक में सभी पदाधिकारियों सदस्यों ने विधानसभाध्यक्ष धनेश सिघंल से गाजियाबाद नगर निगम द्वारा बढाये जा रहे हाउस टैक्स के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कहा जिस पर विधानसभा अध्यक्ष धनेश सिंघल ने सभी संबंधित कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुनील शर्मा, सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल के समक्ष एक मांग पत्र दिया जाएगा। उक्त हमारे सभी जनप्रतिनिधि से सभी व्यापारियों को पूर्ण उम्मीद है कि ये सभी हमारी उक्त जायज मांग को मानते हुए पूरे महानगर को उक्त नाजायज अवैधानिक रूप से बढ़ाने वाले उक्त सभी सम्बन्धित अधिकारियों पर कार्रवाई करते हुए पुराने स्तर पर टैक्स बहाल करने के लिए जरूर कार्रवाही करेंगे।

# समाजवादी कार्यालय पर राजश्री छत्रपति साहूजी महाराज की जयंती मनाई गई




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी कार्यालय पर राजश्री छत्रपति साहूजी महाराज की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर छत्रपति साहूजी महाराज के चित्र पर सभी पदाधिकारियों ने माल्यार्पण किया और पुष्पांजलि अर्पित की। छत्रपति साहूजी महाराज कोल्हापुर रियासत के शासक थे।

इनका शासन काल 1894 से 1922 तक था। इस अवधि में इन्होंने सामाजिक न्याय और शिक्षा से जुड़े असाधारण कार्य किया। नौकरी और शिक्षण संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था सर्वप्रथम इन्होंने ही लागू की थी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, एडवोकेट जिला महासचिव नितिन त्यागी, महानगर महासचिव राजन कश्यप, वरिष्ठ सपा नेता रमेश यादव, एडवोकेट महानगर अध्यक्ष युवजन सभा विकी सिंह, जिला अध्यक्ष बाबा साहब वहिनी, संदीप प्रधान, सौदान गुर्जर, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ ताहिर हुसैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा चांद हुसैन, रोहित माथुर, राष्ट्रीय सचिव छात्रा सभा कृष्ण कुमार यादव, जिला सचिव नवीन कुमार शर्मा, महानगर सचिव युवजन सभा मोहम्मद शमशाद, गोपाल सिंह, पूनम सिंह, युवजन सभा महानगर सचिव सुनील जिंदल, विकास जाटव, गुड्डु चौधरी, सोनू गुर्जर, रिजवान चौधरी, राहुल रावत आदि मौजूद रहे।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने 'पहल' पोर्टल का विधिवत किया शुभारम्भ

## गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का डिजिटल परिवर्तन की दिशा में सशक्त 'पहल'



- 'पहल' जिस पर मिलेंगी जीडीए की सभी संपत्तियों की सेवाएं एक ही पोर्टल पर।
- डिजिटल की दुनिया में पहल पोर्टल नित्य कायम कर रहा है नए आयाम।
- पहल पोर्टल के माध्यम से अब तक जीडीए को प्राप्त हो चुके हैं 150 करोड़ से अधिक का राजस्व ।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा गुरुवार को गाजियाबाद के इंदिरापुरम में स्थित कैलाश मानसरोवर भवन में आगमन पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के 'पहल' (पब्लिक एक्सेस फॉर हाउसिंग एंड प्रोपर्टी एलॉटमेंट लॉगिन) पोर्टल का विधिवत शुभारम्भ किया गया। इस दौरान मौके पर उपस्थित तमाम जनप्रतिनिधियों व जिले के अधिकारियों के बीच प्राधिकरण के पहल पोर्टल की प्रशंसा की गई। इस दौरान गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के द्वारा मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि डिजिटल क्षेत्र की दुनिया में पहल पोर्टल विकास के नए-नए आयाम स्थापित कर रहा है। पब्लिक एक्सेस फॉर हाउसिंग एंड प्रापर्टी अलाटमेंट लॉगिन प्राधिकरण के द्वारा हाल ही में नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए शुरूआत किया गया जिसके आरंभ होने के बाद 1 लाख 40 हजार से अधिक आवंटियों के लिए एक नई सुविधा उपलब्ध है, जो एक सिंगल विंडों सिस्टम की तरह डिजिटल है, जो तेज एवं पारदर्शी और पूरी तरह से डिजिटल है। अब संपत्ति का भुगतान हो, लेजर रिपोर्ट देखनी हो या किस्तों का पुनर्निर्धारण हो, सब कुछ संभव है, वह भी बस एक क्लिक पर। इस दौरान मुख्यमंत्री को ये भी अवगत कराया गया कि इस पोर्टल के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों से आवंटियों के द्वारा अपने निकटत्तम बैंक शाखाओं के माध्यम से किस्तों के रूप में अब तक 161.22 करोड राशि का भुगतान किया जा चुका है। इसके साथ-साथ नाम आदि में संशोधन से जुड़े 97 प्रकरणों में आवेदन किया गया। इनमें से 83 प्रकरणों में प्राधिकरण स्तर से मंजूरी दी जा चुकी है। इस दौरान साहिबाबाद विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री सुनील शर्मा , प्रदेश सरकार में मंत्री नरेंद्र कुमार कश्यप, जिले के प्रभारी मंत्री असीम अरुण एवं स्थानीय सांसद अतुल गर्ग, महापौर सुनीता दयाल, शहर विधायक संजीव शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### पोर्टल की विशेषताएं

- आवंटन पत्र और अदेयता प्रमाण पत्र भी आप स्वयं डाउनलोड कर सकते हैं। क्यूआर कोड के जरिए ऑनलाइन सत्यापन की सुविधा के साथ।
- करेक्शन प्रिविलेज : अब आप खुद कर सकते हैं अपने रिकॉर्ड में सुधार।
- किस्तों के सम भुगतान के लिए स्मार्ट डिजिटल चालान सुविधा।
- रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन स्लॉट बुक करने हेतु आप अपनी सुविधा अनुसार समय तारीख स्वयं निश्चित कर सकते हैं।
- बैंक से लोन के लिए बन्धक अनुमति पत्र तथा सम्पत्तियों के नामांतरण अब सब कुछ ऑनलाईन।
- महीनों तक लम्बित रहने वाले सम्पत्ति विषयक प्रकरण अब चन्द दिनों में निस्तारित।
- समय पर किस्त की जानकारी और डिफॉल्ट पर रिमाइंडर अब हर आवंटी तक पहुंचेगा सही समय पर अलर्ट।
- रियल टाइम अकाउंट अपडेट के साथ भुगतान का रिकॉर्ड सीधे लेखा अनुभाग में बिना किसी देरी और मानवीय हस्तक्षेप के।
- प्राधिकरण के इतिहास में प्रथम बार बैंकिंग प्रक्रिया के अनुरूप किस्तों के पुर्ननिर्धारण की सुविधा प्रदान की जाएगी।

यह डिजिटल पहल जनसामान्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जिससे उन्हे कार्यालय के अनावश्यक चक्कर लगाने से मुक्ति मिलेगी और सभी प्रक्रियाएं पारदर्शी, सरल एवं समयबद्ध होंगी। यह पहल उपाध्यक्ष, जीडीए के कुशल नेतृत्व व दूरदर्शी सोच का परिणाम है।

# नगर आयुक्त ने सफाई मित्र के शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर बंधाई ढांढस, 5 लाख दी सहयोग राशि

## मृतक सफाई मित्र के परिवार के साथ हर परिस्थिति में खड़ा है नगर निगम : नगर आयुक्त



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा मृतक सफाई कर्मी के शोकाकुल परिवार से मुलाकात की गई, तथा परिवार को सांत्वना दी गई। आसाराम सफाई कर्मचारी जो कि वसुंधरा जोन के वार्ड 40 में कार्यरत थे जिनकी उम्र लगभग 54 वर्ष थी जिनकी मृत्यु 24 जून को हुई। नगर आयुक्त द्वारा स्वर्गीय आशा राम सफाई मित्र के पुत्र विकास तथा पुत्री कविता से मुलाकात करते हुए सांत्वना दी गई तथा 5 लाख धनराशि का चेक भी दिया गया। नगर आयुक्त द्वारा हर परिस्थिति में गाजियाबाद नगर निगम उनके परिवार जनों के साथ है, परिवार जन को ढांढस बंधाई।

अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार द्वारा बताया गया कि स्वर्गीय सफाई मित्र आसाराम बहुत ही मेहनत से कार्य करने वाले व्यक्ति थे जिनका स्वर्गवास 24 जून को हुआ। नियम अनुसार महापौर तथा नगर आयुक्त के निर्देश अनुसार कार्यवाही करते हुए उनके आश्रित को सहयोग राशि दी गई। नगर आयुक्त द्वारा डॉक्टर मिथिलेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी को स्वर्गीय आसाराम के परिवार को सहयोग करने तथा नियम अनुसार कार्यवाही करते हुए आश्रित को नौकरी देने के लिए भी कहा गया। मौके पर नरेंद्र कुमार चौधरी मुख्य अभियंता निर्माण प्रभारी उद्यान, डॉक्टर अनुज मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, डॉ संजीव महाप्रबंधक जल, के पी आनंद भी उपस्थित रहे तथा शोक प्रकट किया गया। स्थाई निकाय सफाई मजदूर संघ से प्रवीण गहलोत तथा संजय द्वारा गाजियाबाद नगर निगम अधिकारियों का धन्यवाद किया गया।

# बढ़े हाउस टैक्स के खिलाफ मजबूत रणनीति बनाने के लिए एकजुट हुए पार्षद



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नवयुग मार्केट निगम मुख्यालय पार्षद कक्ष में उपस्थिय पार्षदों ने 30 जून को बढ़े हाउस टैक्स मुद्दे पर बोर्ड बैठक बलाये जाने पर महापौर सुनीता दयाल का आभार प्रकट किया। अभी कुछ दिनों पहले 76 पार्षदों ने महापौर को टैक्स के मुद्दे पर लेटर दिए थे।

नगर निगम के पदेन सदस्य सांसद अतुल गर्ग, मंत्री सुनील शर्मा, मंत्री नरेंद्र कश्यप, विधायक अजीत पाल, विधायक संजीव शर्मा, विधान परिषद सदस्य दिनेश गोयल को उनके कैम्प कार्यालयों पर जाकर क्षेत्रवासियों की भावनाओं से अवगत कराएंगे तथा निगम के अधिकारियों की मनमानी के विषय मे चर्चा करेंगे। पार्षदों को उम्मीद है पदेन सदस्य बोर्ड बैठक में उपस्थित रहकर पार्षदों का बल बढ़ाएंगे।

इस लड़ाई में सभी पार्षद निरंतर शहर की जनता की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ने का काम पूरी ईमानदारी के साथ कर रहे हैं। इस अवसर पर पार्षद हिमांशु शर्मा के जन्मदिन पर सभी ने बधाई दी। पार्षद कक्ष में पार्षद नीरज गोयल, पार्षद हिमांशु शर्मा, पार्षद गौरव सोलंकी, पूर्व पार्षद मनोज गोयल, पार्षद ओम प्रकाश ओढ़, पार्षद देवनारायण शर्मा सहित अन्य पार्षद उपस्थित रहे।

# जीडीए बनाए दुर्बल आय वर्ग के लिए भवन : योगी आदित्यनाथ

## दुर्बल आय वर्ग के लोग गरिमामय जीवन जी सकें इसके लिए उठाए कदम





- नई औद्योगिक टाउनशिप का भी किया जाए विकास ।
- जीडीए के द्वारा तुलसी निकेतन के पुर्नविकास की परियोजना को माननीय मुख्यमंत्री जी ने सराहा ।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के कार्यों की समीक्षा करते हुए जहां प्राधिकरण के द्वारा विकसित तुलसी निकेतन कालोनी को नए सिरे से विकसित किए जाने की परियोजना की प्रशंसा की, साथ ही जोर दिया कि भू माफियाओं के कब्जे से मुक्त कराए जाने वाली जमीनों पर दुर्बल आय वर्ग के लिए न केवल भवनों का निर्माण किया जाए, बल्कि उत्सव भवनों का भी निर्माण किया जाए, ताकि दुर्बल आय वर्ग के लोग न केवल गरिमा मय जीवन यापन कर सकें, बल्कि प्राधिकरण स्तर से बनाए जाने वाले उत्सव भवनों में वैवाहिक एवं दूसरे कार्यक्रमों का आयोजन कर सकें ।

बैठक के दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने जीडीए के द्वारा विकसित की जाने वाले अतिमहत्वपूर्ण हरनंदीपुरम योजना की प्रगति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि हरनंदीपुरम योजना में सीधे किसानों से जिलाधिकारी द्वारा तय दर के आधार पर जमीन के बैनामें प्राधिकरण के पक्ष में कराने के प्रयास किए जा रहे है। इस दौरान मुख्यमंत्री के द्वारा आदेशित किया कि चूंकि गाजियाबाद देश की राजधानी दिल्ली सीमा से लगा हुआ है, ऐसे में यहां पर औद्योगिक टाउनशिप विकसित किए जाने की दिशा में भी काम किया जाए, ताकि नए उद्योगों को बढावा मिल सकें, नए उद्योग लगने से रोजगार के नए रास्तों का सृजन होगा ।

ये भी जोर दिया कि जीडीए अति आधुनिक सुविधाओं से युक्त स्टेडियम का निर्माण करें, ताकि खेल जगत से जुडे युवाओं को प्रेक्टिस करने का एक प्लेटफार्म उपलब्ध हो। ऐसा स्टेडियम का निर्माण किया जाए, जहां पर अंतराष्ट्रीय स्तर के मैचों का आयोजन हो सकें। इससे न केवल गाजियाबाद की आर्थिक प्रगति होगी, बल्कि गाजियाबाद सीधे अंतराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान स्थापित करेगा। स्टेडियम के आस-पास की भूमि को भी सम्मलित कर परियोजना तैयार की जाए, जिससे राजस्व की प्राप्ति हो सकें।

# एचआरआईटी विश्वविद्यालय परिसर में आईआईटी रोपड़ की अत्याधुनिक लैब का हुआ उद्घाटन

## कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल द्वारा विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एचआरआईटी विश्वविद्यालय परिसर में आईआईटी रोपड़ के अत्याधुनिक साइबर-फिजिकल सिस्टम्स (सीपीएस) लैब का भव्य उद्घाटन हुआ। इस अवसर पर तकनीकी शिक्षा एवं नवाचार के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के आगमन व पारंपरिक स्वागत से हुई, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल ने उन्हें शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। आईआईटी रोपड़ के निदेशक प्रो. राजीव आहूजा ने अपने उद्घाटन भाषण में संस्थान की शोध और नवाचार की दिशा में प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। इसके बाद डॉ. पुष्पेन्द्र पी. सिंह, डीन (कॉर्पोरेट, एलुमनाई, प्लेसमेंट एवं स्ट्रैटेजी) ने आईआईटी रोपड़ की एग्रिटेक पहल और सीपीएस लैब की महत्ता को साझा किया।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, सुनील शर्मा ने सभा को संबोधित करते हुए सरकार की तकनीकी सहयोग की योजनाओं पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें विशिष्ट अतिथियों को विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. अनिल अग्रवाल द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। अंत में, एचआरआईटी विश्वविद्यालय के उपकुलाधिपति डॉ अंजुल अग्रवाल ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। यह आयोजन तकनीकी सहयोग, नवाचार और अकादमिक साझेदारी के क्षेत्र में एक सशक्त पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# वार्ड 81 में 4 नई सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण विकास कार्यों की रफ्तार बनी मिसाल



**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** वार्ड 81 इंदिरापुरम में नगर निगम द्वारा 4 नई सड़कों का निर्माण कार्य पूरा किया गया, जो कि क्षेत्रीय पार्षद धीरज अग्रवाल के सतत प्रयासों का परिणाम है।

**इन सड़कों में शामिल हैं :**

(1) आशीर्वाद लेन, गली संख्या 3, नीति खंड 2। (2) स्वर्ण शक्ति लेन, गली संख्या 2, शक्ति खंड 2। (3) हाथी पार्क साइड लेन (मंदिर से प्लॉट संख्या 378 तक), नीति खंड 1 (4) लेन नंबर 1, नीति खंड 1

अब तक मात्र 2 महीने 25 दिन में, वार्ड में 14 सड़कों का निर्माण, 12 से अधिक पार्कों का पुनरुद्धार, स्ट्रीट लाइट्स, बेंच व झूले, और आरसीसी नाले का कार्य प्रारंभ हो चुका है।

उद्घाटन अवसर पर उपस्थित गणमान्यजनों में पार्षद डॉ. अनिल तोमर, नूपुर अग्रवाल, पार्षद प्रतिनिधि प्रयाम सक्सैना, सोशल मीडिया संयोजक धीरज शर्मा, गायत्री पाण्डेय, दिनेश सिंह, एसएस अरोड़ा, नीलम, राहुल पंडित, अमित सिंह, कुशाग्र, डॉ. नवीन ढल्ला, शिवम कपूर आदि शामिल रहे। धीरज अग्रवाल ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरूआत है। हमारा उद्देश्य है कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं सम्मानपूर्वक प्राप्त हों। आने वाले समय में विकास की रफ्तार और तेज होगी।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल ने अपने शब्दों के जरिए एक संदेश दिया। उन्होंने आईआईटी रोपड़ के साथ एक नई शुरुआत की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि हमारा भविष्य इसी पर निर्भर है कि हम आज क्या करते हैं। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. अनिल अग्रवाल की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।